आज का विचार
गलती करने से डरना सबसे बड़ी गलती है।।

दैनिक
# सिटी दर्पण
आईना सच का



8

RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265
Established 2003

विशेष कवरेज
चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और जम्मू कश्मीर

चंडीगढ़ , बुधवार, 27 जुलाई 2022 | वर्ष 20, अंक 95, मूल्य : 3 रुपये | www.citydarpan.com

संसद के मानसून सत्र का 7वां दिन

# हंगामे के चलते राज्यसभा से विपक्ष के 19 सांसद हफ्ताभर के लिए सस्पेंड

■ निलंबितों में तृणमूल के सात एमपी शामिल



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का आज 7वां दिन था। मंगलवार को विपक्ष ने जीएसटी और महंगाई पर जोरदार हंगामा किया। इसके बाद राज्यसभा से विपक्ष के 19 सांसदों को एक हफ्ते के लिए सस्पेंड कर दिया गया। हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही पहले एक घंटे और फिर दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। इधर, लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद ही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। सस्पेंड किए गए सांसदों में सुष्मिता देव, डॉ. शांतनु सेन और डोला सेन के अलावा मौसम नूर, शांता छेत्री, नदीमुल हक, अभी रंजन विश्वास (सभी तृणमूल कांग्रेस) के अलावा ए. रहीम और शिवदासान (वामदल), कनिमोझी (डीएमके), बीएल यादव (टीआरएस) और मोहम्मद अब्दुल्ला का नाम शामिल है। खास बात यह है कि इनमें कांग्रेस का कोई सांसद नहीं है। लोकसभा में सोमवार को भारी हंगामे के बीच स्पीकर ओम बिड़ला ने कांग्रेस के 4 सदस्यों को निलंबित कर दिया था।

## स्पीकर ने कहा- सदन में तख्तियां न दिखाएं

**स्पीकर ओम** बिड़ला ने विपक्षी नेताओं से पूछा कि आप यहां नारे लगाने आए हैं या जनता से संबंधित मुद्दों को उठाने आए हैं। देश की जनता चाहती है कि सदन चले, लेकिन यह ऐसे नहीं चल सकता, मैं सदन में ऐसी स्थिति नहीं रहने दूंगा। स्पीकर ने कहा, अगर आप तख्तियां दिखाना चाहते हैं, तो घर के बाहर करें। इसके बाद उन्होंने सदन को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया था।

## टीएमसी सांसदों ने संसद के पास प्रदर्शन किया

**टीएमसी सांसदों** ने संसद के पास विरोध प्रदर्शन किया है। गारो और खासी जनजाति को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की है। टीएमसी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि हम संविधान की आठवीं अनुसूची में गारो और खासी को शामिल करने की मांग कर रहे हैं। मैं आज शून्यकाल में इस मुद्दे को संसद में उठाने जा रहा हूं।

# सोनिया गांधी से ईडी ने छह घंटे तक पूछे सवाल, फिर होगी पूछताछ

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली ।** नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से आज एक बार फिर से ईडी ने पूछताछ की। एजेंसी ने सोनिया से करीब छह घंटे तक सवाल किए। कई विपक्षी दलों ने महंगाई और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को लेकर संसद में चल रहे गतिरोध व जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आग्रह किया कि वे इन मामलों में हस्तक्षेप करें।

विपक्षी दलों के नेताओं ने राष्ट्रपति को इस संबंध में पत्र लिखा है। यह पत्र ऐसे समय लिखा गया है, जब ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से दूसरी बार पूछताछ की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी किंग्सवे पुलिस कैंप से बाहर निकले। राहुल गांधी और कांग्रेस के अन्य नेताओं को हिरासत में लेकर किंग्सवे पुलिस कैंप में रखा गया। दिल्ली पुलिस के जवान भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के बाल खींचते और पार्टी के विरोध के दौरान उनके साथ मारपीट करते दिखे।



## विजय चौक पर प्रदर्शन कर रहे राहुल गांधी समेत कईयों को हिरासत में लिया गया

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के खिलाफ मंगलवार को कांग्रेस नेताओं, सांसदों व समर्थकों ने एक बार फिर सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किया। कांग्रेस के नेताओं ने राहुल गांधी की मौजूदगी में संसद भवन में गांधी प्रतिमा से विजय चौक तक मार्च निकाला। राहुल के अलावा कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, शक्ति सिंह गोहिल समेत कई अन्य सांसदों को भी हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिये गये राहुल गांधी को दिल्ली पुलिस नई पुलिस लाइन किंग्सवे कैंप लेकर गई है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार राहुल समेत हिरासत में लिये गये नेताओं को वहां रखा जायेगा। वहीं कांग्रेसी नेताओं को कार्यकताओं को राजघाट पर भी प्रदर्शन करने नहीं दिया गया। प्रदर्शन को देखते हुए राजघाट के आसपास धारा 144 लगा दी गई है। इसके अलावा कांग्रेस मुख्यालय पर सुरक्षाबलों का कड़ा पहरा है।

# अमरनाथ पवित्र गुफा के समीप फिर आई बाढ़

## आईटीबीपी ने चार हजार लोगों को सुरक्षित निकाला

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** अमरनाथ पवित्र गुफा के आसपास ऊंचे पहाड़ों में भारी बारिश से मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे जलाशयों और आसपास के झरनों में बाढ़ आ गई। तत्काल अलर्ट जारी करने के बाद भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों ने तीर्थयात्रियों को सुरक्षित क्षेत्र में पुहंचाया। आईटीबीपी के प्रवक्ता विवेक पांडेय ने बताया कि अभी तक चार हजार से ज्यादा तीर्थयात्रियों को सुरक्षित क्षेत्र में पहुंचा दिया है। अब स्थिति नियंत्रण में है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही शेषनाग के पास तीर्थयात्रियों को आईटीबीपी के जवानों ने ऑक्सीजन मुहैया करवाया था। अभी तक ढ़ाई हजार से ज्यादा लोगों को आईटीबीपी द्वारा ऑक्सीजन दिया गया है। वहीं अब तक 2.20 लाख से अधिक लोग पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं।



## राज्य के सात जिलों में वज्रपात से 15 की मौत, सीएम ने जताया शोक

**पटना।** बिहार में बीते 24 घंटे के दौरान कैमूर में 07, भोजपुर में 03, पटना में 01, जहानाबाद में 01, अरवल में 01, रोहतास में 01 एवं औरंगाबाद में 01 व्यक्ति की वज्रपात से मौत हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रभावित परिवारों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। साथ ही मृतक के परिजनों को तत्काल चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

# गुजरात शराब कांड : जहरीली शराब से अब तक 35 की मौत

## रसायन के कारण ही लोगों की मौत हुई : पुलिस महानिदेशक

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**अहमदाबाद।** गुजरात के बोटाद जिले में जहरीली शराब पीने से मरने वालों का आंकड़ा 35 तक पहुंच गया है। पुलिस महानिदेशक आशीष भाटिया ने बताया कि गुजरात शराबकांड का असली गुनाहगार जयेश खवाड़िया है, जो पर्यवेक्षक के रूप में एएमओएस कंपनी के साथ काम कर रहा है। कंपनी औद्योगिक शराब (मिथाइल अल्कोहल) का कारोबार करती है। जयेश ने कंपनी के गोदाम से मिथाइल अल्कोहल को चुरा अपने भाई को सौंपा जिसे गांव में कई जगह बेचा गया। जांच में सामने आया है कि लोगों ने जहरीली शराब नहीं बल्कि नशे के लिए केमिकल (मिथाइल अल्कोहल) को सीधे पानी में मिलाकर पिया था।



एफएसएल रिपोर्ट में जहरीली शराब के नमूने में मिथाइल अल्कोहल पाया गया है। पुलिस ने भाइयों से अप्रयुक्त 460 लीटर बरामद किया है। पुलिस महानिदेशक ने माना है कि रसायन के कारण ही लोगों की मौत हुई है। 14 लोगों के खिलाफ हत्या और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। ज्यादातर आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। अभी बड़ी संख्या में लोग भावनगर अस्पताल में भर्ती हैं जिनका उपचार चल रहा है इनमें से एक दर्जन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है जबकि 10 लोग डायलिसिस पर हैं। पुलिस ने अहमदाबाद सूरत वडोदरा मेहसाणा आदि शहरों में जगह-जगह छापे मारकर देसी शराब बनाने वाले अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की।



पुलिस ने जगह-जगह देसी शराब की भट्ठों को तोड़ा तथा सैकड़ों लीटर शराब सड़कों पर बहा दी। गौरतलब है कि पुलिस के अनुसार, बोटाद के नभोई चौकड़ी के पास अवैध रूप से बेची जा रही देशी शराब पीकर घर लौटे तो एक दर्जन से अधिक लोगों की हालत कुछ ही घंटों में खराब होने लगी। उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां 10 लोगों की मौत हो गई। कई लोगों का उपचार चल रहा है। सूचना मिलते ही भावनगर रेंज आइजी अशोक यादव व अन्य बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे। रेंज आइजी ने बताया कि घटना की जांच के लिए पुलिस उपाधीक्षक स्तर केअधिकारी के नेतृत्व में एक एसआइटी का गठन किया गया है।

# तीनों सेनाओं के लिए 28,732 करोड़ रुपये के हथियार खरीदे जाएंगे, डीएसी की मंजूरी

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को तीनों सेनाओं के लिए 28,732 करोड़ रुपये से झुंड ड्रोन, कार्बाइन और बुलेटप्रूफ जैकेट खरीदने को मंजूरी दे दी है। साथ ही चीन और पाकिस्तान सीमा पर हाइब्रिड युद्ध और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए तीनों सेनाओं में लगभग 4 लाख क्लोज क्वार्टर बैटल कार्बाइन शामिल करने को भी हरी झंडी दी गई है।

'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में तीनों सेनाओं के लिए 4.2 लाख स्वदेशी कार्बाइन का निर्माण किया जायेगा। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 28,732 करोड़ रुपये के हथियार खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है, इनमें झुंड ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट और कार्बाइन शामिल हैं। यह सभी भारत में बने हैं जो रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर को और बढ़ावा दे रहे हैं। पाकिस्तान की नियंत्रण रेखा पर तैनात भारतीय सैनिकों पर दुश्मन के स्निपर्स खतरे और आतंकवाद विरोधी परिदृश्य में निकट युद्ध अभियानों को देखते हुए डीएसी ने भारतीय मानक बीआईएस श्कस्तर की सुरक्षा के साथ बुलेट प्रूफ जैकेट के लिए एओएन प्रदान किया। देश के तटीय क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के लिए डीएसी ने भारतीय तटरक्षक के लिए 14 फास्ट पेट्रोल वेसल (एफपीवी) की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।



■ सशस्त्र रक्षा बलों के लिए खरीदे जाएंगे सशस्त्र झुंड ड्रोन, कार्बाइन और बुलेटप्रूफ जैकेट

# कांवड़ मेले के दौरान आर्मी तैराक दल और रेडक्रास स्वयंसेवकों ने 127 को डूबने से बचाया

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**हरिद्वार।** हरिद्वार में एक पखवाड़े तक चले श्रावण मास के कांवड़ मेले में बीईजी आर्मी के तैराक दल ने 127 कांवड़ियों को गंगा में डूबने से बचाया। बीईजी कमांडेंट राजेश सिंह के नेतृत्व में आर्मी की बचाव टीम 24 घंटे तैनात रहीं।

रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ नरेश चौधरी के निर्देशन में रेड क्रॉस की टीमें भी इस दल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहीं। रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव तथा नोडल अधिकारी डॉ नरेश चौधरी ने बताया कि बीईजी आर्मी तैराक दल ने मेला अवधि में 127 शिवभक्तों व अन्य श्रद्धालुओं को डूबने से बचाया गया। मंगलवार को बीईजी ने 17 वर्षीय अरुण निवासी जालंधर, 24 वर्षीय मोनू निवासी बागपत, 18 वर्षीय अमन निवासी नई दिल्ली, 20 वर्षीय रमन गिरी निवासी कुरूक्षेत्र, 22 वर्षीय श्याम निवासी सराहनपुर, 23 वर्षीय संतोष निवासी मुरादाबाद, 18 वर्षीय संदीप निवासी रोहतक को विभिन्न घाटों से गंगा में डूबने से बचाया और उन्हें प्राथमिक उपचार भी दिया।



## मंकीपॉक्स के संदिग्ध मरीज की जांच रिपोर्ट निगेटिव, एक अन्य में दिखे लक्षण

**हैदराबाद।** देशभर में एक सप्ताह में मंकीपॉक्स के चार मामले आने के बाद तेलंगाना के संदिग्ध मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अब तक के चार मामलों में से तीन केरल और एक दिल्ली में है। इसके अलावा मंगलवार को खम्मम जिले में एक अन्य व्यक्ति में भी मंकीपॉक्स के संदिग्ध लक्षण दिखने पर अस्पताल में भर्ती किया गया है। तेलंगाना राज्य में दो दिन पहले मंकीपॉक्स के संदिग्ध लक्षण युवक के सामने आने से हड़कंप मच गया था लेकिन मंगलवार को युवक के नमूनों की जांच रिपोर्ट आज शाम को पुणे से हैदराबाद पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जांच रिपोर्ट में नेगेटिव आई है।

# भारतीय सेना का हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों बहुत स्ट्रांग हैं: नड्डा

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि भारतीय सेना का हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों बहुत स्ट्रांग (मजबूत) है। यहां भाजपा मुख्यालय में 23वें कारगिल विजय दिवस समारोह को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि करीब 60 दिन से ज्यादा कारगिल की लड़ाई लड़ी गई थी। 527 हमारे वीर जवान लड़ाई में शहीद हुए थे। लड़ाई में करीब 2 लाख सैनिकों ने हिस्सा लिया था। पाकिस्तान को सरहदों पर घेरते हुए हमने इस लड़ाई में विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का हार्डवेयर भी बड़ा स्ट्रांग है और सॉफ्टवेयर भी बहुत स्ट्रांग है। हम वीरता में भी कम नहीं हैं और स्किल्स में भी कम नहीं हैं। भारतीय सेना की स्ट्रेंथ का मुकाबला कोई नहीं कर सकता है। नड्डा ने आगे कहा कि मोदी सरकार के 8 वर्षों में 36 राफेल फाइटर जेट भारतीय सेना में शामिल हुए हैं। 28 अपाचे हेलीकॉप्टर, 15 चिनूक हेलीकॉप्टर, एयर मिसाइल, 145 अल्ट्रा लाइट होवित्जर्स, 100 वज्र आर्टिलरी गन, 1.83 लाख बुलेट प्रूफ जैकेट भारतीय सेना को आधुनिक और मजबूत बना रही हैं।



श्रद्धांजलि | भारतीय वायुसेना के अधिकारियों व सेना की माउंटेन डिवीजन के जीओसी ने शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित किए

# सेना के चीता हेलीकॉप्टरों ने फूल बरसाकर कारगिल युद्ध के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

■ सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को सलामी दी

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**कारगिल।** कारगिल की चोटियों पर तेइस साल पहले विपरीत हालात में लड़े गए कारगिल युद्ध के शहीदों को द्रास स्थित कारगिल वार मेमोरियल में मंगलवार सुबह श्रद्धासुमन अर्पित किये गए। भारतीय सेना के चीता हेलीकॉप्टरों ने फूल बरसाकर कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

जम्मू कश्मीर व लद्दाख की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को सलामी दी। इस मौके पर उन्होंने सैनिकों को शहीदों से प्रेरणा लेते हुए देश सेवा जारी रखने का आह्वान किया। आर्मी कमांडर के साथ भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों व सेना की माउंटेन डिवीजन के जीओसी ने शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित किए। इस मौके पर कारगिल हिल काउंसिल के चीफ एग्जीक्यूटिव काउंसिल फिराज खान व लद्दाख प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के 527 वीर शहीद हुए थे। भारतीय सेना व वायुसेना ने मिलकर कड़े प्रहार करते हुए पाकिस्तान सेना को खदेड़ दिया था। मंगलवार को कारगिल विजय दिवस के मुख्य कार्यक्रम में 14 वीर नारियों, 2 वीर माताओं व कारगिल युद्ध के दस नायकों के साथ कई पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया। कारगिल विजय मशाल भी शहीदों का सम्मान करने के लिए वार मेमोरियल पहुंची। इसी बीच दिल्ली से निकले सेना के मोटरसाइकिल सवारों, लेह से निकले सेना के साइकिल सवारों ने द्रास पहुंच कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। फूलों से सजाए गए द्रास वार मेमोरियल में हेलीकॉप्टरों से फूल बरसाने के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद लाइट एंड साउंड कार्यक्रम ने कारगिल युद्ध की यादों को ताजा कर दिया। वर्ष 1999 के उस मंजर को ताजा किया गया जब भारतीय सैनिकों ने बुलंद हौंसले के साथ कारगिल की चोटियों पर बैठे दुश्मन पर करारा आघात कर उसे मार भगाया था। कारगिल युद्ध के दौरान टाइगर हिल, तोलोलिंग, मुश्कोह वैली व लोमोचन टॉप जैसी चोटियों को जीतने के लिए लड़ी गई थी।





# पंजाब के एडवोकेट जनरल अनमोल रतन सिद्धू ने दिया इस्तीफा

## 19 जुलाई को ही सरकार के पास चला गया था इस्तीफा

**भुपेंद्र शर्मा**

**चंडीगढ़।** पंजाब के एडवोकेट जनरल अनमोल रतन सिद्धू ने इस्तीफा दे दिया है। उन्हें आम आदमी पार्टी की सरकार ने मार्च महीने में नियुक्त किया था। उन्होंने उट भगवंत मान को अपना इस्तीफा भेजा है। उनका इस्तीफा 19 जुलाई को ही सरकार के पास चला गया था। जिस तारीख को उन्होंने इस्तीफा दिया, उसी दिन पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में बंदी सिख प्रोफेसर दविंदर भुल्लर के केस की सुनवाई हुई थी। जिसमें उनके ऑफिस ने कहा था कि पंजाब सरकार 5 बार रिहाई की मंजूरी भेज चुकी है।यह मामला दिल्ली सरकार के पास पेंडिंग है।

हालांकि एडवोकेट सिद्धू ने इस्तीफे के पीछे व्यक्तिगत वजह बताई है।इस बारे में एडवोकेट अनमोल रतन सिद्धू ने कहा कि इसका कोई बड़ा कारण नहीं है। वह अपने प्रोफेशन में ज्यादा व्यस्त हैं। इस वजह से उन्हें पद छोड़ना पड़ रहा है।इस वक्त वह बेअदबी और पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला कत्ल केस में सरकार पैरवी कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक लॉ अफसरों की नियुक्ति को लेकर एडवोकेट सिद्धू और सरकार के बीच कोई मतभेद हुआ है।एडवोकेट सिद्धू जिनकी नियुक्ति चाहते थे, उस पर सरकारी अफसर कोई रोड़ा अटका रहे थे।

**■ सरकार मनाती रही, सीएम भगवंत मान से डेढ़ घंटे हुई थी बैठक**

### विनोद घई पंजाब के नए एडवोकेट जनरल



**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट विनोद घई पंजाब के नए एडवोकेट जनरल होंगे। उन्होंने खुद इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि वह आम आदमी पार्टी या पंजाब सरकार में किसी को नहीं जानते, सरकार ने खुद उन्हें एप्रोच किया। जिसके बाद उन्होंने हामी भर दी। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से दायर मामलों की जोरदार ढंग से पैरवी करेंगे। वह जल्द ही एडवोकेट अनमोल रतन सिद्धू की जगह लेंगे।जिन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया है। पंजाब में पिछले 10 महीने में 5 एडवोकेट जनरल बदल चुके हैं। कैप्टन अमरिंदर सिंह के सीएम रहते एडवोकेट अतुल नंदा एजी रहे। कांग्रेस ने कैप्टन को सीएम की कुर्सी से हटा चरणजीत चन्नी को बिठा दिया। चन्नी सरकार ने एडवोकेट एपीएस देओल को एडवोकेट जनरल बना दिया। इससे तत्कालीन पंजाब कांग्रेस प्रधान नवजोत सिद्धू नाखुश हो गए। उनकी जिद पर डीएस पटवालिया को एडवोकेट जनरल बनाया गया। इसके बाद पंजाब सरकार में सरकार बदली तो एडवोकेट अनमोल रतन सिद्धू को अत्र्कबना दिया गया। अब आप सरकार में उन्होंने इस्तीफा दे दिया है। एडवोकेट घई उनकी जगह लेंगे।

## कारगिल जंग में सैनिकों के बलिदान युवाओं को फौज की सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे



**भुपेंद्र शर्मा**

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज कहा कि कारगिल जंग के दौरान फौज के बहादुर योद्धाओं के महान बलिदान हमारे नौजवानों को मिशनरी भावना और देश भक्ति के जज्बे से निःस्वार्थ होकर मुल्क की सेवा करने के लिए प्रेरित करती रहेगी। यहाँ जंगी यादगार में कारगिल विजय दिवस की याद में करवाए समागम के दौरान शहीद सैनिकों को श्रद्धाँजलि भेंट करते हुये पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत की हथियारबंद सेनाओं के असाधारण शौर्य का प्रतीक है क्योंकि इस जंग के दौरान हमारे फौजी जवानों ने बलिदान, शूरवीरता और बहादुरी की बेमिसाल गाथा पेश की।उन्होंने कहा कि भारत फौज ने तमाम कठिनाईयों के बावजूद जुलाई, 1999 में कारगिल, दरास और बटालिक के इलाकों में घुसपैठ करने वाली पाकिस्तानी सेना को मुँह-तोड़ जवाब दिया। भारतीय सैनिकों की तरफ से दिखाई अद्वितीय बहादुरी की ऐसी मिसाल विश्व के इतिहास में नहीं मिलती जो हमारे नौजवानों को भारतीय फौज में शामिल होकर अपनी मातृ-भूमि की सेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी।

**■ जंगी यादगार में कारगिल जंग के सैनिकों को श्रद्धांजलि भेंट की**

**PGI IMPORTANT ENQUIRY NUMBERS**

| | |
|---|---|
| Emergency Enquiry (24 hrs) :- | 0172-2746018 |
| | 0172-2746565 |
| | 0172-2756464 |
| **Enquiry** | |
| Advanced Trauma Centre – 24 hrs :- | 0172-2755454 |
| Advanced Pediatric Centre- 24 hrs :- | 0172-2755858 |
| Advanced Cardiology Center- 24 hrs:- | 0172-2755353 |
| Advanced Eye Center(7am to 3pm) :- | 0172-2755252 |
| Nehru Hospital Enquiry(8am to 5pm):- | 0172-2755656 |
| Opd Enquiry (7am to 4pm):- | 0172-2756868 |
| | 0172-2756969 |

Coaching Classes
for Maths & Science
from 8th -12th
Personal attention
RESULT ORIENTED
@Affordable Fees
Sector-32D, Chandigarh
9501011455

## संक्षिप्त-समाचार

### भारत विकास परिषद ने लगाया टीकाकरण शिविर



**विनय कुमार जैन, डेराबस्सी।** भारत विकास परिषद की डेराबस्सी शाखा ने अपनी 22वीं समाज कल्याण परियोजना के माध्यम से कोरोना महामारी को देखते हुए जनहित वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डेराबस्सी में कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन किया इस अवसर पर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अशोक पथरिया मुख्य अतिथि थे. शिविर में जहां स्कूली बच्चों को इस भयानक बीमारी से बचाव के उपायों से अवगत कराया गया, उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में कोरोना एक लाइलाज बीमारी के रूप में हमारे मानव जीवन में महामारी बनकर उभरा है, जिसने हर वर्ग को मजबूर कर दिया है. सोचने के लिए। इस भयानक बीमारी ने लाखों घर तबाह कर दिए और कई लोग बेरोजगार हो गए। इसलिए हम सभी को इससे बचने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने इस जनकल्याण कार्य के लिए संस्था को धन्यवाद भी दिया ।शिविर के दौरान 101 बच्चों को कोविड-19 के खिलाफ टीका लगाया गया। संगठन के अध्यक्ष परमजीत ने कहा कि कोरोना महामारी से बचने के लिए हमें सरकार द्वारा दिए गए निदेर्शों का अच्छी तरह से पालन करना चाहिए, इसका सामना न करें. उपेश बंसल सचिव, सुरिंदर अरोड़ा वित्त सचिव, सुशील व्यास, जसप्रीत सिंह बेदी, बरखा राम, अश्विनी जैन, राकेश कुमार परियोजना अध्यक्ष, सुश्री अनीता थमन, आदि सदस्य इस अवसर पर उपस्थित थे। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य पवन कुमार ने आने वाले सभी अतिथियों का धन्यवाद किया.

### पंजाब को निशानेबाजी खेल का केद्र बनाया जायेगा : मीत हेयर



**चंडीगढ़।** पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि निशानेबाजी खेल में पंजाब के निशानेबाजों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी यश अर्जित किया है।इस खेल में आगे बढ़ने का पंजाबियों में अथाह सामर्थ्य है जिसको पहचानते हुये इस खेल पर और भी ध्यान केंद्रित करते हुये पंजाब को निशानेबाजी का केंद्र बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री भगवंत मान के निदेर्शों पर राज्य की शूटिंग रेंजों का कायाकल्प करने के लिए 6 करोड़ रुपए जारी किये गए हैं। खेल मंत्री मोहाली की फेज 6 सरकारी शूटिंग रेंज का जायजा लेने आए हुए थे। इस मौके पर उनके साथ विश्व कप में पदक जीतने वाले पंजाब के निशानेबाज अंजुम मौदगिल और अर्जुन बबूटा और खेल विभाग के डायरैक्टर राजेश धीमान भी साथ थे। उन्होंने 10 मीटर की इंडोर एयर कंडीशनड रेंज और 25 और 50 मीटर की रेंज और प्रबंधों का जायजा लिया। श्री मीत हेयर ने रेंज को समय का साथी बनाने और अपेक्षित बुनियादी ढांचा बढ़िया बनाने के लिए कहा। खेल मंत्री ने निशानेबाजों से यह भी जानकारी ली कि रेंज के अंदर कैसी सहूलतें होनी चाहिएं और उनकी जरूरतों के बारे भी पूछा। निशानेबाजों ने अपने तजुर्बे सांझा करते हुये खेल मंत्री को हर पक्ष से अवगत करवाया। श्री मीत हेयर ने बताया कि बीते दिनों पंजाब के मुख्यमंत्री निजी तौर पर निशानेबाजों को मिले थे और उनके निदेर्शों पर राज्य की शूटिंग रेंजों को बेहतर बनाने के लिए 6 करोड़ रुपए भी जारी किये गए हैं। मीत हेयर ने खेल अधिकारियों को यह भी कहा कि रेंज के अंदर पंजाब के चोटी के निशानेबाजों की तस्वीरें भी लगाई जाएँ जिससे नयी उम्र के निशानेबाज इन खिलाड़ियों से प्रेरणा ले सकें। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी गुरदीप कौर, निशानेबाजी कोच सुप्रीत धालीवाल और अंकुश भारद्वाज भी उपस्थित थे।

### जालंधर में सेवादार की निर्मम हत्या

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर के सेमी गांव में मंगलवार को धार्मिक स्थल के एक सेवादार का सिर कटा शव मिलने से सनसनी फैल गई। बड़े निर्मम तरीके से सेवादार की हत्या की गई है। उसके सिर और गले पर तेजधार हथियार से कई वार किए गए। सेवादार माथा आगे से पूरी तरह से खुल चुका था। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन की और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। सेवादार की हत्या का पता उस समय चला जब गांव में रहने वाला हरविंदर सिंह धार्मिक स्थल पर माथा टेकने पहुंचा। इस दौरान उसने वहां पर सेवादार का खून से लथपथ शव पड़ा देखा। मृतक की पहचान करीब 55 वर्षीय जगदीश लाल उर्फ जुमें शाह के रूप में हुई है। जगदीश लाल गांव के गौस पाक सरकार के दरबार में सेवा करता था और वहीं पर रहता था। पिछले कई सालों से वही पर रह रहा था। घटना की सूचना मिलते ही थाना पतारा की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। बाद दोपहर तक पुलिस वहां पर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाल रही थी ताकि हत्या करने वालों के बारे में कुछ पता लगाया जा सके। थाना पतारा की प्रभारी अर्शदीप कौर ने बताया कि हत्या के कारणों की जांच की जा रही है। धार्मिक स्थल पर कोई भी सामान चोरी नहीं हुआ, जिससे लूट जैसी वारदात हुई लगे। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## विजिलेंस ब्यूरो ने पीएसपीसीएल का जेई 10,000 रुपए की रिश्वत लेता पकड़ा

**चंडीगढ़।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो द्वारा पीएसपीसीएल अलावलपुर, जालंधर जिले के जूनियर इंजीनियर शाम सिंह को बिजली का ट्रांसफॉर्मर लगाने के बदले 10,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया गया। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए आज राज्य विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि तरलोचन सिंह निवासी गाँव सरमस्तपुर, जिला जालंधर की शिकायत पर आरोपी शाम सिंह जे.ई. को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया था कि वह एक छोटा किसान है और उसने अपने ट्यूबवैल के लिए खेती वाली बिजली आपूर्ति वाले व्यक्तिगत ट्रांसफॉर्मर के लिए अर्जी दी हुई है। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि जे.ई. ने पी.एस.पी.सी.एल. द्वारा उसे ट्रांसफॉर्मर लगाने का दिया काम पहले ही पूरा कर लिया था, परन्तु उसने 15,000 रुपए रिश्वत की माँग की और सौदा 10,000 रुपए में तय हुआ।

## विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने सरकारी स्कूलों में छापा मारा

**■ विधायक ने क्लास में मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहे शिक्षक को किया गिरफ्तार**



**विनय कुमार जैन**

**डेराबस्सी।** सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर ऊंचा करने के लिए विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा की सख्ती बरती जा रही है. उनका कहना है कि आम आदमी पार्टी का मुख्य लक्ष्य शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार करना है। इसापुर के सरकारी स्कूल में जब विधायक ने छापा मारा तो कक्षा में बैठे शिक्षक मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने में व्यस्त थे, जिससे बच्चों पर ध्यान नहीं था मोबाइल में नशे में मस्त टीचर को देख उनका गुस्सा भड़क गया, जिसके बाद उन्होंने टीचर की अच्छी क्लास ली। उन्होंने मामले को स्कूल के प्रधानाध्यापक के संज्ञान में लाया और इस संबंध में सख्त होने का आग्रह किया। मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहे शिक्षक ने गलती के लिए माफी मांगी तो विधायक ने उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया और बच्चों से कहा कि वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें. हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। यदि सरकारी विद्यालयों में उनकी शिक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बरती जाती है तो इसके लिए विद्यालय प्रधान भी जिम्मेदार होते हैं। उन्होंने कहा कि वे डेराबस्सी निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी सरकारी स्कूल में छापेमारी कर सकते हैं, यदि कोई कमी पाई जाती है तो इसके लिए प्रधानाध्यापक भी जिम्मेदार होंगे। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि पिछली सरकारों ने सरकारी स्कूलों को छोड़ दिया है।

## पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस कोविड पाजिटिव

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में कोरोना के 762 एक्टिव केस हैं। यह आंकड़ा स्वास्थ्य विभाग के लिए चिंता का विषय बन गया है। क्योंकि तीसरी लहर के बाद पहली बार चंडीगढ़ में एक्टिव केस 700 से पार हुए हैं। बीते एक हफ्ते से रोजाना 100 से ज्यादा नए मरीज मिल रहे हैं। उधर, पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस कोरोना संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने स्वयं ट्विटर पर इसकी जानकारी दी है। चंडीगढ़ में पिछले 24 घंटे में 81 नए कोरोना केस मिले हैं। इनमें 35 पुरुष और 46 महिलाएं हैं। पाजिटिविटी रेट 9.96 फीसद पहुंच गया है। इससे पहले रविवार को सबसे ज्यादा 145 नए केस मिले थे। हालात यह हो रहे हैं कि गंभीर मरीजों को अब अस्पतालों में भर्ती करना पड़ रहा है। पीजीआइ में इस समय वेंटिलेटर पर 4 मरीज हैं। वहीं जीएमसीएच -32 में वेंटिलेटर पर एक मरीज है। पीजीआइ में आक्सीजन सपोर्ट पर 11 मरीज, जीएमसीएच-32 में 9 और जीएमएसएच 16 में 8 मरीज भर्ती हैं।

## शहीद ऊधम सिंह का शहादत दिवस मनाने की तैयारियां जोरों पर : प्रो. चरण सिंह



**सतपाल काला, डा सुनील धीर**

**सुल्तानपुर लोधी।** 31 जुलाई को शहीद ऊधम सिंह चौक सुल्तानपुर लोधी में जलियांवाले बाग के खूनी नरसंहार का बदला लेने वाले जंग-ए-आजादी के महान सपूत शहीद उधम सिंह की बलिदान दिवस के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए उधम सिंह मेमोरियल ट्रस्ट के सदस्यों और पदाधिकारियों के साथ ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो चरण सिंह ने बैठक की। इस अवसर पर प्रोफेसर चरण सिंह, अधिवक्ता राजिंदर सिंह राणा ने कहा कि शहीद ऊधम सिंह के शहादत दिवस को पूरे देश के गौरव के रूप में मनाने के लिए आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हम प्रशासन और शहरवासियों के साथ पूरी व्यवस्था कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के अधिकारी शहर में शहीद ऊधम सिंह चौक से जुड़े अन्य सभी स्थानों की सफाई कर रहे हैं. ।उन्होंने यह भी कहा कि पीने के पानी, चाय और अन्य सामान, पार्किंग आदि की व्यवस्था की जा रही है। इस मौके पर नरिंदर सिंह सोनिया, एडवोकेट जसपाल सिंह धजू, वेलफेयर बोर्ड पंजाब के पूर्व चेयरमैन तजिंदर सिंह धंजू आदि मौजूद थे।

## डीजीपी ने जिला पुलिस प्रमुखों के साथ अपराध की समीक्षा के लिए की बैठक



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने मंगलवार यहाँ पंजाब पुलिस मुख्यालय में सभी सीपीज/एसएसपीज के साथ उनके सम्बन्धित जिलों की कारगुजारी और अपराधों की समीक्षा करने के लिए राज्य स्तरीय बैठक की। बैठक में सभी सीनियर एडीशनल डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (एडीजीपीज) और सभी रेंजों के आईजीपी भी शामिल थे।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा राज्य को नशा मुक्त और अपराध मुक्त बनाने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए डीजीपी ने समूह जिला पुलिस प्रमुखों को सभी नामी नशा-तस्करों और गैंगस्टरों की पहचान कर असामाजिक तत्वों और नशा-तस्करों पर नकेल कसने के निर्देश दिए।

उन्होंने पंजाब पुलिस की काउन्टर इंटेलिजेंस, एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स, स्पेशल टास्क फोर्स आदि समेत सभी यूनिटों को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के साथ-साथ गैंगस्टर कल्चर को खत्म करने, कानून-व्यवस्था को कायम रखने और अपराध का पता लगाने के लिए जिला पुलिस के साथ मिलकर काम करने के लिए कहा।

## नवरात्रों में टोल माफ करने को लेकर शिव सेना युवा प्रधान ने दिया मांग पत्र

**अरुण कुमार, कुराली।** हर साल की तरह इस साल 28 जुलाई से 5 अगस्त नवरात्र तक सनातनीयों की आस्था का केंद्र माता नैना देवी मंदिर पर इस दौरान भक्तों के चाले चलते रहेंगे। हम हर धर्म हर मजहब हर पंथ का सम्मान करते हैं सनातन ने हमेशा विश्व का कल्याण ही मांगा है हम आपसे यह मांग रखना चाहते है कि माता नैना देवी मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को रोपड़ जिला में जो टोल प्लाजा पर टोल देना पड़ता है। उसे इस दौरान निशुल्क कर दिया जाए। मैं देव अमित शर्मा पंजाब प्रचारक श्री हिंदू तख्त ,राष्ट्रीय सचिव सनातन धर्म रक्षा परिषद, पार्टी प्रमुख शिवसेना युवा एवं अन्य हिंदू संगठनों की सहमति से आप तक यह मांग लेकर पहुंचा हूं मुझे यकीन है कि हमारी आस्था का ख्याल रखते हुए आप टोल प्लाजा पर टोल ना देने की राहत हम तक जरूर पहुंचेंगे हम आपके सदा आभारी रहेंगे।

## सतवंत कौर जम्मू बनी इनरव्हील क्लब सुल्तानपुर लोधी की अध्यक्षा




**डॉ. सुनील धीर , सतपाल काला**

**सुल्तानपुर लोधी ।** सतवंत कौर जम्मू इनरव्हील क्लब सुल्तानपुर लोधी की अध्यक्ष चुनी गई हैं। इस संबंध में, इनरव्हील क्लब द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने नए अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभाली । उन्हें इस अवसर पर डीएसपी सुल्तानपुर लोधी डॉ. मनप्रीत कौर ने विशेष रूप से अपना संदेश भेजा। जिसमें उन्होंने कहा कि महिलाएं अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और इनरव्हील क्लब सुल्तानपुर लोधी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

इस समारोह में पूर्व अध्यक्ष परमजीत कौर सुख ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सतवंत कौर जम्मू को कॉलर पहनाने की रस्म अदा की। इस अवसर पर बोलते हुए सतवंत कौर जम्मू ने कहा कि वह क्लब के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरी लगन से निभाएंगी और क्लब में अपने द्वारा किए जा रहे समाज कल्याण कार्यों की जानकारी दी और सभी सदस्यों को समाज कल्याण कार्य के लिए प्रेरित किया ।

उन्होंने कहा कि मैं उन सभी की ऋणी हूं जिन्होंने मुझे एक बार फिर अध्यक्ष बनाया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष परमजीत कौर सुख ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वे इस बात से संतुष्ट हैं कि क्लब की बागडोर मजबूत हाथों में दी जा रही है । इस अवसर पर इनरव्हील क्लब सुल्तानपुर लोधी के पदाधिकारियों के चुनाव में जसपाल कौर को महासचिव, परविंदर कौर सोढ़ी को कोषाध्यक्ष, परमजीत कौर मोमी को आईएसओ और रमिंदर कौर को महासचिव चुना गया। इस मौके पर सुखजीत कौर पहाड़, परमिंदर कौर मोमी, संदीप कौर थिंद, नरिंदर कौर पिंकी, सुदेश भंडारी, कुलवंत कौर विरदी, अमनदीप कौर, सुनेह गुजराल,, मंजू अरोड़ा आदि क्लब में मौजूद थीं. ।सपना डोगरा, अनुराधा, कुलदीप कौर, गुरविंदर कौर को नया सदस्य बनाया गया है।

## जरा सोचो



डॉ. दलेर सिंह मुल्तानी
सिविल सर्जन (सेवानिवृत्त), पंजाब।

### आज कहां हैं शेर पंजाब के ? जो ईंट के साथ ईंट बजा देते थे

सवा लाख से एक लड़ाने की सच्ची बातें रोजाना सुना देते थे,
जाति पाति के मोहताज नहीं, हर जुल्म को मिटा देते थे।
झूठों के बने पहाड़ों को मिन्टों में फिर गिरा देते थे,
बहन बेटी की इज्जत बचाने के लिए, जान न्यौछावर तलक कर देते थे।
मगर आज कुछ शेर पंजाब की बेइज्जती भरपूर करवा रहे हैं,
कुर्सियों पर हो रहे काबिज तथा जवानियों की बलि चढ़ा रहे हैं।
ठग्गी, चोरी धर्म इनका झूठ का पहरावा पहने बैठे हैं,
कौन जगाए आज इनको सब अपना आप गंवा बैठे हैं।
कोशिश कर मुल्तानी तू ही, कई भाई तेरे पास आ बैठे हैं।
पंजाब को सुंदर बनाने के लिए हर कुर्बानी के लिए तैयार बैठे हैं..।

## मेरा विद्यालय , मेरा गांव होगा नशा मुक्त अभियान के तहत सेमिनार का किया आयोजन



**डॉ. सुनील धीर , सतपाल काला**

**सुल्तानपुर लोधी ।** मेरा विद्यालय , मेरा गांव होगा नशा मुक्त अभियान के तहत मंगलवार को अकाल गैलेक्सी कान्वेंट स्कूल सुल्तानपुर लोधी में एस एस पी नवनीत सिंह बैंस के दिशा निर्देशों पर डीएसपी डॉ. मनप्रीत शीहमार के नेतृत्व में विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया।

जिसमें उन्होंने पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए स्कूली छात्रों को जागरूक किया और उनका सहयोग मांगा। इस मौके पर उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और यातायात नियमों की जानकारी भी दी। इस मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए । सब डिवीजन सुल्तानपुर लोधी के डीएसपी डॉ. मनप्रीत शीहमार ने कहा कि कुछ शरारती बच्चे स्कूल जा रहे मोटरसाइकिल पर पटाखे फोड़ते हैं और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इस अवसर पर डीएसपी डॉ मनप्रीत शीहमार ने लोगों की सुविधा के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया। उन्होंने कहा कि हमारा प्राथमिक कर्तव्य है कि लड़कियों को निर्वाचन क्षेत्र से सुरक्षित रखा जाए।अगर कोई लड़कियों को परेशान करता है ।तो वह हमारे हेल्पलाइन नंबर 98156-41283पर संपर्क करें ।जानकारी को गोपनीय रखा जाएगा। यदि कोई हल्के नशे का कारोबार करता है तो उसके बारे में भी जानकारी दी जाए। इस अवसर पर डीएसपी मनप्रीत कौर व एसएचओ जसमेल कौर संधू को एमडी सुखदेव सिंह जज व अकाल ग्रुप की प्रिंसिपल गगनदीप कौर जज,प्रिंसिपल मोना घई अकाल गैलेक्सी ग्रुप, प्रिंसिपल मधु शर्मा (जूनियर विंग) ने सम्मानित किया। उसके बाद बच्चों ने समाज को अपराध मुक्त बनाने की शपथ भी ली और डीएसपी मनप्रीत शिन्हामार को निर्वाचन क्षेत्र में पूरा सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।अंत में अकाल गैलेक्सी कान्वेंट स्कूल के एमडी सुखदेव सिंह जज ने डीएसपी मनप्रीत शिन्हामार व एसएचओ जसमेल कौर संधू का आभार व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि थाना सुल्तानपुर लोधी पुलिस की ओर से चलाए गए अभियान मेरा विद्यालय , मेरा गांव होगा नशा मुक्त अभियान बहुत ही प्रशंसनीय कार्य है ।जिस से नौजवान पीढ़ी जागरुक होगी ।और समाज में बढ़ रहे अपराध में भी कमी आएगी ।

## पंजाब पुलिस ने गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के दो करीबी साथी किये काबू



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़/बठिंडा।** डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी), पंजाब गौरव यादव ने आज यहाँ बताया कि गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और अनमोल बिश्नोई को एक और बड़ा झटका देते हुए पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (ए.जी.टी.एफ.) ने बठिंडा पुलिस के साथ साझे ऑपरेशन में उनके दो नजदीकी साथियों को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह बठिंडा के गाँव पथराला के द्वारा हरियाणा भागने की कोशिश कर रहे थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिशा-निर्देशों पर पंजाब पुलिस द्वारा गैंगस्टरों के विरुद्ध शुरू की गई जंग के दौरान मिली सफलताओं में यह एक और बड़ी उपलब्धि है। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान मलकीत सिंह उर्फ किट्टा निवासी गाँव भैणी और हरदीप सिंह उर्फ मामा निवासी गाँव आकलिया जलाल जिला बठिंडा के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है और यह दोनों पंजाब पुलिस को कई जघन्य अपराधों के मामलों में वांछित हैं।

पुलिस ने इनके कब्जे से सात पिस्तौल (छह .32 बोर और एक .30 बोर) समेत गोला-बारूद और ए.एस.आई रैंक की पुलिस वर्दी भी बरामद की है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा उनका मोटरसाईकल भी जब्त किया गया है, जिसका प्रयोग कर वह भागने की कोशिश कर रहे थे।

दैनिक सिटी दर्पण

नवोन्मेषकः स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापकः सतपॉल शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज़ प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड प्रेस, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला - 134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एवं 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर संपादक की सहमती हो अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।

स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40 ए, चंडीगढ़।
संपर्कः 7888450261
Email:
citydarpan1@gmail.com

JKM Welfare Foundation

# जल संसाधन के क्षेत्र में मिलकर आगे बढ़ेंगे हरियाणा और इजराइल : मनोहर लाल

## जल संसाधन को लेकर इजराइल के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से की मुलाकात

■ **जल संसाधन और प्रबंधन पर इजराइल के साथ मिलकर काम करने के लिए मुख्यमंत्री ने दिए टास्क फोर्स**



**भुपेंद्र शर्मा**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जल संसाधन के क्षेत्र में हरियाणा और इजराइल मिलकर काम करेंगे और आगे बढ़ेंगे। हरियाणा में घटते जलस्तर और इजराइल में कम पानी की समस्या है, ऐसे में दोनों मिलकर तकनीक व अन्य विषयों पर काम कर सकते हैं। इससे हरियाणा व इजराइल में पानी से जुड़ी समस्याओं का समाधान निकाला जा सकता है। मुख्यमंत्री मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित अपने निवास स्थान पर जल संसाधन को लेकर इजालइल के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करते हुए बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में जल स्तर तेजी से गिर रहा है, ऐसे में प्रदेश सरकार पानी बचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसके लिए हरियाणा सरकार ने हरियाणा जल संसाधन (संरक्षण, विनियमन और प्रबंधन) प्राधिकरण बनाया है, जिसके तहत प्रदेश के 18 हजार तालाबों के जीणोर्दार का जिम्मा उठाया गया है। इन तालाबों की सफाई के साथ-साथ इन्हे डिशिल्ट भी किया जा रहा है, ताकि भूमि में पानी की ज्यादा से ज्यादा रिचार्जिंग हो। इसके साथ-साथ प्रदेशभर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लॉट (एसटीपी) लगाए जा रहे हैं। इन एसटीपी के पानी को खेती, निर्माण और घरों में गार्डनिंग के लिए उपयोग करने पर जोर दिया जा रहा है। खेती में ड्रिप इरीगेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है। पानी बचाने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इजराइल और हरियाणा दोनों ही पानी की चुनौती को समझते हैं। मुझे लगता है कि हमें मिलकर काम करने की जरुरत है।

### मुख्यमंत्री ने टास्क फोर्स बनाने के दिए निर्देश

इजराइल के साथ मिलकर जल संसाधन एवं प्रबंधन के विषय पर कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग को एक टास्क फोर्स बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों को एक दूसरे की तकनीक, अविष्कार और चुनौतियों से सीखने की जरुरत है। इसके लिए टास्क फोर्स काम करे। मुख्यमंत्री ने इजराइल के प्रतिनिधिमंडल का आह्वान किया कि वे ऐसे प्रोजेक्ट व प्लॉन हरियाणा में लेकर आएं जिससे पानी का सही इस्तेमाल किया जा सके और कम पानी में भी भूमि की ऊपजाऊ शक्ति को कायम रखा जा सके। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हरियाणा और इजराइल को भविष्य में और आगे बढ़ना है।

दैनिक सिटी दर्पण
पत्रकारों की आवश्यकता
हरियाणा प्रदेश के सभी जिला तथा ब्लॉक स्तर पर अनुभवी पत्रकारों की अवश्यकता है

संपर्क करें 9996946501
शिव कुमार शर्मा हरियाणा प्रभारी

## संक्षिप्त-समाचार

### कृषि विज्ञान केन्द्र ऊचानी ने मनाया वन महोत्सव

**शिव कुमार शर्मा, करनाल।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केन्द्र करनाल द्वारा मंगलवार को दादूपुर रोडान गांव में वन महोत्सव मनाया गया। यह कार्यक्रम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादूपुर रोडान में किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र करनाल ने वन विभाग हरियाणा के संभागीय वन अधिकारी की मदद से इस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के कॉर्डिनेटर डॉ. महा सिंह, जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार कौशिक ने गांववासियों व स्कूल के विद्यार्थियों को पानी बचाने और अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दादूपुर गांव के पूर्व सरपंच श्री केहर सिंह एवं जयदेव, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादूपुर रोडान के कार्यकारी प्रधानाचार्य कैलाश सहित समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।

### कारगिल विजय दिवस वीरों की शहादत को किया याद

**प्रीति रानी, साढ़ोरा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मछरौली में विद्यालय स्टाफ एवं सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक मछरौली के स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से कारगिल दिवस पर विद्यालय प्रांगण में छायादार एवं फलदार पौधे लगाकर वन महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य, करनैल सिंह संधवा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पौधे हमारे जीवन के लिए अमूल्य हैं। वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाने जरूरी है। कारगिल विजय दिवस वीरों की शहादत को भी याद किया गया और विनम्र श्रद्धांजलि भी दी गए प्रधानाचार्य-रावमा विद्यालय मछरौली ,प्रबंधक ग्रामीण बैंक अशोक कुमार ने विद्यालय प्रांगण में आम, अमरूद, आंवला ,जामुन व कई अन्य किस्म के पौधे लगाए। इस अवसर पर बैंक स्टाफ सदस्य बलदेव राज बत्रा, अमिता और विद्यालय स्टाफ सदस्य नवनीत कुमार, उदय सिंह रजत कुमार, आदि मौके पर मौजूद थे।

### हर घर तिरंगा कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग जरूरी: एसडीएम

**नरेश गर्ग,लाडवा।** एसडीएम विनिश कुमार ने कहा कि उपमंडल लाडवा में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग जरुरी है। इसलिए इस कार्यक्रम के साथ उपमंडल के प्रत्येक नागरिक को भावनात्मक रूप से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। एसडीएम विनिशि कुमार एसडीएम कार्यालय में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर समाज सेवी संस्थाओं और अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उपायुक्त मुकुल कुमार के मार्गदर्शन में उपमंडल लाडवा में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। इस कार्यक्रम के साथ प्रत्येक नागरिक को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। यह कार्यक्रम 13 से 15 अगस्त तक मनाया जाएगा और 11 अगस्त से हर घर पर तिरंगा लगाने का काम शुरू हो जाएगा। इस कार्यक्रम को एक जन आंदोलन का स्वरूप देना है ताकि प्रत्येक नागरिक अपनी इच्छा से अपने घर की छत पर तिरंगा लहराए। मौके पर नायब तहसीलदार जयवीर रंगा, बीडीपीओ राजन सिंगला, नपा सचिव अशोक कुमार, भारत विकास परिषद, श्री अग्रवाल सभा, पंजाबी सभा, रोटरी, रोट्रेट व इन्नरव्हील क्लब के पदाधिकारी मौजूद थे।

### पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी: नरेश नरवाल



**शिव कुमार शर्मा,करनाल।** मंगलवार को नगर निगम करनाल की ओर से सैक्टर-7 के पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर निगम कमिश्नर नरेश नरवाल, नगर निगम मेयर रेणुबाला गुप्ता एवं सभी पार्षदों ने संयुक्त रुप से मिलकर पौधारोपण किया और लोगों से अधिक से अधिक पेड-पौधे लगाने का आहवान किया। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर नरेश नरवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि आज जो पौधारोपण किया है, वह हमारी आने वाली पीढियों के लिए तोहफा होगा, क्योंकि ये पेड़ पौधे बड़े होकर सदियों तक सभी को जीवन के रूप में ऑक्सीजन देते रहेंगे। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे हर माह में एक पौधा जरूर लगाएं। इस अवसर पर सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्घी, डिप्टी मेयर एडवोकेट नवीन, पार्षद वीर विक्रम कुमार, पार्षद भूपेन्द्र नौतना, पार्षद मीतू सैनी, पार्षद मुकेश अरोडा सहित बागवानी एवं नगर निगम के सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### भोले के जयकारों से दिनभर बना रहा भक्तिमय माहौल



**जीत कौर,निसिंग।** क्षेत्र में शिव रात्रि का पर्व भारी श्रद्धा के साथ मनाया गया। अधिकतर महिलाओं ने व्रत रख शिव भगवान की पूजा कर परिवार के लिए मंगल कामना की। वहीं हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंचे कांवडिय़ों क्षेत्र के गांव व शहर में दिनभर बम बम भोले के जयकारों से भक्तिमय माहौल बना रहा। मंदिर में अपने परिवार सहित रूद्धा अभिषेक कर गंगा जल चडा कर शिव बाबा का आशीर्वाद लिया। शहर के श्री सनातन धर्म शिव मंदिर कमेटी प्रधान लाला रोशन लाल गोयल, उपप्रधान गणेश गोयल ,पृथ्वी शर्मा ने बताया कि मंदिर में रूद्धा अभिषेक करने से मांगी गई हर मन्नतें शिवभक्तों की पूरी होती है। नींवसर तीर्थ के किनारें बने मंदिर में पूजा करने से अन्नत गुणा फल भक्तों को मिलता है। गोंदर महानिमार्णी अखाड़ा के मंहत ओम गिरी जी महाराज ने बताया कि श्रद्धालुओं पांच एकड़ में फैले गौतम तीर्थ के उत्तरी छोर पर स्थापित बणखंडी महादेव का प्रसिद्ध मंदिर है। मंदिर में भूमि से उत्पन्न होने के कारण उन्हें स्वयंभू नामक शिवलिंग के नाम से भी पुकारा जाता है। जो क्षेत्र में अपने चमत्कारों से प्रसिद्धी को प्राप्त है। महाशिव रात्रि के दिन यहां श्रद्धालु रूद्धा अभिषेक कर गंगा जल चढ़ा कर शिव बाबा का आशिर्वाद प्राप्त करते हैं। जिसपर गुबंज नही बनाया जा सकता। पौराणिक धार्मिक ग्रंथों में गौतम तीर्थ व शिव मंदिर का विविरण आता है। तीर्थ को गवेंद्र के नाम से भी जाना जाता है। इस मौके पर रिंकू वर्मा, राजू अत्री, राधेश्याम गुप्ता, इंद्र फौजी, विनोद मित्तल,सुरेंद्र राणा,राजकुमार व अनिल शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा अग्रवाल समाज:सुरेश सिंगला



**जीत कौर,निसिंग।** शहर के करनाल कैथल रोड़ स्थित अग्रवाल समाज की भव्य धर्मशाला के नवनिर्माण के पहले स्थापना दिवस पर कमेटी सदस्यों व अग्रवाल समाज के लोगों ने मंगलवार को मंत्रोच्चार के साथ विधिविधान पूजन अर्चना कर प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें अग्रवाल समाज के सैकड़ों लोगों ने आधुनिक धर्मशाला के दूसरी मंजिल के निर्माण कार्य के लिए एकत्रित हुए। जिसमें अग्रवाल धर्मशाला प्रधान सुरेश सिंगला के नेतृत्व में पंडित अरविंद शास्त्री व रामलाल शास्त्री ने समाज के लोगों के साथ विधि-विधान से मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चना की। अग्रवाल धर्मशाला प्रधान सुरेश सिंगला ने कहा कि अग्रवाल समाज हमेशा सर्वसमाज के लिए काम करता रहा है। महाराज अग्रसेन से प्रेरणा लेते हुए अग्रवाल समाज समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सिंगला ने कहा कि अग्रवाल समाज की हमेशा से 36 बिरादरियों के लिए काम करने की सोच रही है। फिर चाहे धर्मशाला बनाने का काम हो या फिर अन्य समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य करने में अग्रवाल समाज सदा गर्व महसूस करता है। सिंगला ने सभी अग्रवाल समाज के लोगों से अग्रवाल धर्मशाला निर्माण के लिए बढ़ चढ़ कर दान देने की अपील की। जिससे एक भव्य धर्मशाला का निर्माण कार्य पूरा करवाया जा सके। इस मौके मार्किट कमेटी के पूर्व वाइस चेयरमैन मुकेश गोयल, नाथी राम गर्ग, बोबी जिंदल, संजीव गोयल, विजय गोयल, रामबीर गोयल, रमेश बंसल, मुकेश गर्ग, रमेश गोयल, जिया लाल, मुकेश सिंगला, डा. देवेंद्र, रामशरण बंसल, नरेंद्र गोयल व बंटी सहित अन्य मौजूद रहे।

### महंगाई ने तोड़ी आम आदमी की कमर: कामरेड जगमाल



**जीत कौर,निसिंग।** कामरेड जगमाल सिंह ने बढ़ती बेरोजगारी,महंगाई,लूटपाट व बढ़ती आपराधिक वारदात से आम जनता परेशान है। बढ़ती महंगाई के कारण महिलाओं को घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। जिस कारण लोगों का जीना दूभर हो चुका है। मंगलवार को अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन एवं हरियाणा मजदूर यूनियन के सदस्य निसिंग क्षेत्र के गांव शाहपुर,सिंघड़ा,गुल्लरपुर प्योंत व निसिंग में लोगों को एक अगसत को सरकार की नीतियों के खिलाफ जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन के लिए डोर टू डोर निमंत्रण देने के बाद निसिंग उपतसील में लोगों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। जगमाल सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार में अमीर और अधिक अमीर होता जा रहा है और गरीब बहुत अधिक गरीब होता जा रहा है क्योंकि देश में बेरोजगारी व महंगाई दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है और सरकार इसे रोकने में फेल साबित हुई। जगमाल सिंह ने कहा कि मनरेगा में काम दिया जाए,खाद्य सुरक्षा,बीपीएल कार्ड, गरीब परिवारों को रिहाशी प्लाटों दिए जाए। गरीबों को मकान बनाने ममें मदद की जाए, बुढ़ापा पैंशन,शिक्षा व स्वास्थ्य का प्रबंध किया जाए। उन्होंने बताया कि बढ़ती महंगाई,बेरोजगारी,बिजली समस्या का हल करवाया जाए। उन्होंने एक अगस्त जिला मुख्यालय पहुंचने का आह्वान भी किया प्रधान शीशपाल सिंह, अध्यक्ष जिले सिंह पाल, किसान सभा सचिव वीर सिंह लाठर सहित अन्य मौजूद रहे।

## हिन्दू हाई स्कूल में रोटरी सदस्यों ने किया पौधारोपण

**नरेश गर्ग,लाडवा।** लाडवा के हिन्दू हाई स्कूल में पर्यावरण को बचाने के लिए स्कूल के विद्यार्थियों के साथ मिलकर रोटरी, रोटरेक्ट व इन्नरव्हील क्लब के सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया। जिसमें छायादार व फलदार वृक्ष लगाए गए। स्कूल की प्राचार्या योगिता आहलूवालिया ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्ष लगाने बहुत आवश्यक है। स्कूल में कारगिल दिवस भी मनाया गया।

## स्वास्थ्य शिविर में लोगों का निशुल्क चेकअप किया जीवनशैली में बदलाव के तरीके बताए

**नीलोखेड़ी/ करनाल।** सत्या शक्ति फाउंडेशन ने गुरुद्वारा साहिब रेलवे रोड नीलोखेड़ी में मुफ्त मेगा हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया। इस मेगा हेल्थ चेक-अप ड्राइव के तहत डॉक्टरों से बिल्कुल मुफ्त विशेषज्ञ परामर्श दिया गया । जिसमें 100 से अधिक लोगों की निशुल्क जांच की गई। इसी के साथ साथ शिविर में आने वाले लोगों को अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने एवं कोविड की स्थिति के अनुसार स्वस्थ जीवन जीने के तरीकों से लेकर आवश्यक जीवन शैली में बदलाव करने के तरीके भी बताए।

स्वास्थ्य शिविर में सभी लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया, जिसमें मां एवं बच्चे की देखभाल से लेकर, आहार और पोषण, सामान्य दवाइयाँ, हाइपरटेंशन टेस्ट, ब्लड शुगर टेस्ट, ब्लड प्रेशर आदि के साथ-साथ आयुर्वेदिक सलाह भी एमबीबीएस डॉक्टरों के द्वारा मुहैय्या करवाई गई।

## भाजपा ने कारगिल विजय दिवस पर निकाली तिरंगा यात्रा



**शिव कुमार शर्मा**

**करनाल।** कारगिल विजय दिवस के ऐतिहासिक दिन पर आज भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा की शुरूआत रामलीला ग्राउंड से शुरू होते हुई यह तिरंगा यात्रा दो किसान चोंक से सब्जी मंडी चोंक, कर्ण गेट से अमर शहीद सरदार भगतसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद इसका समापन रामलीला मैदान पर हुआ।

कारगिल विजय दिवस की 23वीं वर्षगांठ के इस अवसर पर श्रद्धांजलि देते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेद पाल ने कहा कि सन 1999 में आज ही के दिन हमारे देश के वीर योद्धाओं ने कारगिल की चोटी पर विजय प्राप्त की थी। उन्होंने कहा कि कारगिल ऑप्रेशन के दौरान देश के 527 वीर जवान शहीद हुये जबकि हजारों की संख्या में जख्मी हुये थे। उन्होंने कहा कि कड़कती ठंड में हमारे वीर सैनिकों ने जिस साहस का परिचय दिया वह अद्वितीय है। उस समय भारत के प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने एक परंपरा की शुरूआत की थी कि शहीदों के पार्थिव शरीर को देश के तिरंगे में सम्मान के साथ उनके घर लाया जायेगा। देश के ऐसे हीरो को वे आज सैल्यूट करते है। इसके अलावा वे आज उन सभी वीर सैनिकों को भी नमन करते है, जो कड़कती ठंड और भीषण गर्मी में देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे है। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में शहीदों के सम्मान में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला,मेयर रेणू बाला गुप्ता एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ललित दाबडा ने भी अपने विचार रखें।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक

**लाडवा।** मंगलवार को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर भारी संख्या में कावड़ियों व श्रद्वालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक किया। लाडवा के सोहन तालाब मंदिर, दुख भंजन मंदिर, माता शाकुम्भरी देवी मंदिर, शिरडी वाले साई बाबा मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर सहित शहर के अनेक मंदिरों में हरिद्वार से पैदल गंगाजल लाए कावड़ियों व शहर के श्रद्वालुओं द्वारा सावन की महाशिवरात्रि पर्व को लेकर भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक किया। माता शाकुम्भरी देवी मंदिर के पुजारी नरेश नौटियाल ने कहा कि सावन की महाशिवरात्रि पर्व का अपना ही एक महत्व है। इस पर्व को लेकर हरिद्वार से दूर-दूर के कावड़ी गंगाजल लेकर पैदल आते हैं और इस दिन भगवान भोलेनाथ का जल से अभिषेक करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक करने से श्रद्वालुओं की सभी मनोकामना पूर्ण होती है। वहीं सोमवार शाम से लेकर मंगलवार शाम तक लाडवा से गुजरने वाले कावड़ियों का तांता लगा रहा।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक



**सविता**

**बिलासपुर।** उप मंडल अधिकारी बिलासपुर जसपाल सिंह गिल ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस बिलासपुर में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कमी ना रहे, समय रहते सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए जाएं। स्वतंत्रता दिवस प्रत्येक वर्ष की भांति धूमधाम से मनाया जाना है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों की ड्यूटीओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर बिलासपुर के तहसीलदार तरुण सहोता व चेतना चौधरी, प्रताप नगर के थाना प्रभारी पृथ्वी सिंह, बिलासपुर के थाना प्रभारी रवि कांत, सधौरा के थाना प्रभारी धर्मपाल, नगर निगम शेडोरा के सचिव सुरेंदर मलिक, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सदोरा रामरतन ग्रेवाल, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी छछरौली अशोक कुमार धीमान, पब्लिक हेल्थ सढौरा के एसडीई जफर इकबाल व जेई विशाल कुमार, वन विभाग से कृष्ण कुमार, स्वास्थ्य विभाग छछरौली से एसएमओ कुसुम लता, पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई राजेंद्र कुमार, बिजली विभाग के एसडीओ विकास बंसल, डीआईओ से आशीष कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 125 मरीजों का किया चैकअप



**नरेश गर्ग**

**लाडवा।** लाडवा हल्के के बाबैन की श्री दक्षिणमुखी सिद्ध हनुमान मंदिर रामसरन माजरा में मंगलवार को श्री बाला जी अरोग्यम अस्पताल कुरुक्षेत्र के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर का शुभारंभ स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने किया व कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा की जिला उपाध्यक्ष रीना सैनी ने की। श्री बाला जी आरोग्यम अस्पताल के डा. अनुराग कौशल के दिशा निर्देशन में लगाए गए। इस शिविर में लेपरोस्कोपी सर्जन डॉ. मनोज खुराना, आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. राजुल गोयल व डा. कमल की टीम ने 125 मरीजों का चैकअप कर उन्हें निःशुल्क दवाई दी। शिविर में शुगर एंव ई.सी.जी. के टेस्ट भी निःशुल्क किये गए। मुख्यातिथि समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि समाजसेवी एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा इस प्रकार के चिकित्सा शिविर आयोजित करने से जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर उपचार मिल जाता है। उन्होंने कहा कि वें हल्का लाडवा के लोगों की सुविधा के लिए 15 अगस्त से निःशुल्क मेडिकल वैन चलाएंगे। मौके पर सुरेश सैनी, तरसेम राय, कौशल सैनी, मनोज धवन, चन्द्रकांता, डिम्पल सैनी, शिवराम, बलकार सिंह, महेन्द्र सिंह, प्रवीण कुमार, गुलशन सैनी, रघबीर सिंह आदि उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में दून पब्लिक स्कूल की छात्रा मानसी और छात्र हर्ष ने मारी बाजी

**नरेश गर्ग, लाडवा।** जिला कराटे एसोसिएशन द्वारा 24 जुलाई को आयोजित जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में अपनी अथक मेहनत द्वारा लाडवा के दून पब्लिक स्कूल की छात्रा मानसी ने स्वर्ण पदक और छात्र हर्ष ने कांस्य पदक हासिल किया व पांच अगस्त से सात अगस्त को कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में चयन किया। अब छात्रा मानसी व छात्र हर्ष द्वारा राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भी पदक प्राप्त करने के लिए निरन्तर अभ्यास व कठिन परिश्रम किया जा रहा है। स्कूल की प्राचार्या डा. अनीता शर्मा ने बताया कि जिला स्तर पर आधारित कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें दून पब्लिक स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा मानसी ने अंडर-15 के -55 भार में और ग्यारहवीं के छात्र हर्ष ने अंडर -17 के-50 प्रतियोगिता के प्रतिभागी रहते हुए और सभी खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

## वैश्य समाज के चार नपा चेयरमैनों तथा सभी पार्षदों को किया सम्मानित



**शिव कुमार शर्मा**

**करनाल।** कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुरेश गुप्ता मतलोडा ने कहा है कि वैश्य समाज को एक जुट होकर राजनीति के साथ सत्ता में भागीदारी बनाना चाहिए। लोकतंत्र मे उसी समाज की सुनी जाती है जिस समाज की भागीदारी राजनीति और सत्ता में सबसे अधिक होती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस में किसी वैश्य समाज के व्यक्ति के रूप में उनको 72 साल बाद कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाया हैं। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि करनाल - पानीपत में चार चेयरमैन बने हैं। वैश्य समाज के पार्षद भी अधिक बने है। यह राजनीति जागरूकता का परिणाम ळैं। वह करनाल में अग्रवाल वैश्य समाज संगठन द्वारा गोल्डन मोमेंट में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस सम्मान समारोह में तरावड़ी में नगर परिषद के चेयरमैन बींरेंद्र बंसल, घरौंडा से चेयरमैन हेप्पी लुक गुप्ता, नीसिंग से चेयरमैन रोमी सिंगला के प्रतिनिध के रूप में उनके भाई को तथाा समालखा से अशोक कुच्छल को सम्मानित किया। इसके अलावा समाज के सभी पार्षदों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश सिंगला ने किया। राजेश सिंगला ने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानी वाला ने जो राजनीति में भगीदारी को लेकर अलख जगाई थी उसका ही आज परिणाम हैं। आज इस समाज को कोई भी नजरअंदाज नहीं कर सकता है।

## पंचायत चुनाव चिन्ह पर लड़ेगी आम आदमी पार्टी: निर्मल सिंह

**नरेश गर्ग, लाडवा।** आम आदमी पार्टी की हल्का लाडवा की बैठक शहर के खालसा कंपलेक्स में हुई। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री निर्मल सिंह मोहड़ा ने शिरकत की। पूर्व मंत्री निर्मल सिंह मोहड़ा ने कहा आम आदमी पार्टी मजबूती से पंचायत चुनाव चिन्ह पर लडेगी। उन्हेंने कहा कि आम आदमी पार्टी की हल्का लाडवा की टीम की मजबूती से इमानदारी से अनिल माटा ने बिना धनबल के नगरपालिका चुनाव लड़ा। उन्होंने कार्यकताओं पदाधिकारियों की ड्यूटीयां लगाई। हल्का टीम जल्दी से पंचायत चुनाव की तैयारियों को पूरा कर ले। मजबूत उम्मीदवारों का आवेदन लेकर पार्टी नेतृत्व को सौंपे। वहीं जिलाध्यक्ष मेवा राम आर्य ने कहा कि जिले में हल्का लाडवा की टीम सबसे मजबूत टीम है। नगरपालिका चुनाव की तरह जिला परिषद चुनाव में दमखम दिखाएगी। वहीं हल्का लाडवा प्रधान अमरीक बकाली ने कहा कि आम आदमी पार्टी मजबूती से पंचायत चुनाव लडेगी।

**विस्तार** भारत के पशुपालन और डेयरी क्षेत्रों के लिए ऋण की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बनी

# पशुपालन क्षेत्र के लिए पशुपालकों के लिए ऋण सुविधा में विस्तार

**भुपेंद्र शर्मा**

**चंडीगढ़।** 2019 में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा गठित एक कार्य समूह ने उल्लेख किया था कि पारंपरिक कृषि कार्य में लगे किसानों के पास पशुधन और डेयरी किसानों की तुलना में ऋण प्राप्ति की बेहतर सुविधा मौजूद थी। चूंकि 75 प्रतिशत पशुपालक किसान 2-4 मवेशियों के साथ सीमांत किसान की श्रेणी में आते हैं, इसलिए भारत के पशुपालन और डेयरी क्षेत्रों के लिए ऋण की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि संबद्ध गतिविधियों (पशुधन, वानिकी और मत्स्य पालन) को कुल कृषि ऋण का केवल 10 प्रतिशत प्राप्त होता है, जबकि वे कृषि उत्पादन में 40 प्रतिशत का योगदान देते हैं। पशुपालक किसानों के लिए एक बड़ी चुनौती इस तथ्य से भी जुड़ी हुई है कि जनगणना के तहत एक किसान को उसकी जमीन के स्वामित्व/जोत के आधार पर परिभाषित किया जाता है। परिणामस्वरूप, पंजीकृत भूमि रिकॉर्ड के बिना किसानों के लिए ऋण प्राप्त करना बहुत कठिन हो जाता है। इस स्थिति के समाधान के लिए, सरकार ने पशुधन और डेयरी क्षेत्र में किसानों व उद्यमियों के लिए ऋण उपलब्धता एवं ऋण वित्तपोषण का विस्तार करने के उद्देश्य से कई उपाय पेश किये हैं।

सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा केवल 41 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसान कवर किए गए हैं और बहुसंख्यक किसान सूदखोर साहूकारों के सामने असहाय हो जाते हैं। स्थिति में सुधार के लिए, पहला महत्वपूर्ण उपाय 2019 में सामने आया, जब किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा पशुधन क्षेत्र के किसानों को भी दी गई। केसीसी में बैंकों को 2 प्रतिशत की ब्याज छूट प्रदान की जाती है और किसानों को कृषि व संबद्ध गतिविधियों के लिए 3 लाख रुपये तक के अल्पावधि ऋण का समय पर भुगतान करने पर 3 प्रतिशत का प्रोत्साहन दिया जाता है, जिससे ऐसे ऋणों के लिए प्रभावी ब्याज दर कम होकर मात्र 4 प्रतिशत रह जाती है। केसीसी ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, क्योंकि लगभग 70 प्रतिशत पशुपालक महिलाएं हैं, जिनमें से अधिकांश को गिरवी योग्य सम्पत्ति के अभाव में ऋण प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, आरबीआई की रिपोर्ट में इस तथ्य पर प्रकाश डाला गया है कि कुछ राज्यों को अपने कृषि-जीडीपी की तुलना में अधिक कृषि-ऋण प्राप्त होता है, जिसका अर्थ है कि कृषि ऋण का उपयोग गैर-कृषि कार्यों के लिए किया जाता है। इस प्रकार यह क्षेत्रीय असमानता के मुद्दे को रेखांकित करता है, क्योंकि मध्य, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के राज्यों को अपने कृषि सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में बहुत कम कृषि-ऋण प्राप्त होता है। इस संदर्भ में, सरकार ने कोविड लॉकडाउन के दौरान डेयरी सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों के नेटवर्क का समर्थन करने के लिए कई उपाय प्रस्तुत किये, जिनमें प्रमुख हैं - कार्यशील पूंजी ऋण पर 4 प्रतिशत ब्याज छूट देने की योजना। इस योजना के तहत राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) को 333 करोड़ रुपये जारी किए गए, ताकि इसकी मदद से 24,000 करोड़ रुपये के कार्यशील पूंजी ऋण को सहायता दी जा सके। इसके अलावा, डेयरी किसान बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण पैदा हुई चुनौतियों का सामना करते हैं। फलस्वरूप, कुल दूध उत्पादन का 3 प्रतिशत से अधिक बर्बाद हो जाता है। इसके उपाय के लिए, देश भर में डेयरी सहकारी समितियों एवं किसान उत्पादक संघों को ऋण सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना विकास योजना की घोषणा की गई थी। डीआईडीएफ अवसंरचना के विकास पर केंद्रित परियोजनाओं को प्रोत्साहन देकर देश में संपूर्ण डेयरी मूल्य श्रृंखला का उन्नयन करना चाहता है।

पिछले कुछ दशकों में, निजी क्षेत्र ने डेयरी प्रसंस्करण अवसंरचना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में, लगभग 120-130 एमएमटी का प्रसंस्करण अवसंरचना अंतर है, जो लगभग 20,000 करोड़ रुपये की निवेश क्षमता को दशार्ता है। यदि दुग्ध प्रसंस्करण और वितरण के लिए अवसंरचना की जरूरतों को शामिल किया जाये, तो डेयरी मूल्य श्रृंखला में कुल संभावित निवेश अवसर 1,40,000 करोड़ रुपये का है। इसे ध्यान में रखते हुए, पशुपालन और डेयरी विभाग निजी कंपनियों व उद्यमियों के लिए पशुपालन अवसंरचना विकास कोष (एएचआईडीएफ) के रूप में एक प्रमुख योजना लेकर आया है, ताकि डेयरी उत्पादों. मांस उत्पाद और पशु चारा से संबंधित प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए ऋण पर ब्याज छूट की सुविधा दी जा सके। क्रेडिट गारंटी जोखिम कम करने वाला एक महत्वपूर्ण उपाय है, जो एमएसएमई को ऋण देने के क्रम में ऋणदाता के जोखिम को कम करता है। इसलिए, 750 करोड़ रुपये की क्रेडिट गारंटी निधि की स्थापना की गई है, ताकि उधारकर्ता को उपलब्ध कराए गए मूल ऋण के 25 प्रतिशत तक के एएचआईडीएफ ऋणों के लिए गारंटीकृत कवरेज प्रदान किया जा सके।

हमारे पशुधन क्षेत्र की कुछ प्रमुख चुनौतियां हैं - निम्न उत्पादकता स्तर और गुणवत्तापूर्ण व किफायती पशु आहार तथा चारे की कमी। अतः इस क्षेत्र में किसानों को समर्थन देने के उद्देश्य से उद्यमियों को मवेशी, भैंस, भेड़, बकरी, सुअर और वाणिज्यिक पोल्ट्री हैचरी से जुड़े नस्ल गुणन फार्मों के सन्दर्भ में पूंजी सब्सिडी प्रदान करने के लिए नई पहल की घोषणा की गई है। इसी प्रकार उन ग्रामीण चारा उद्यमियों के लिए भी 50 प्रतिशत पूंजी अनुदान योजना लागू की जा रही है, जो पशुपालकों को किफायती व गुणवत्तापूर्ण चारा आपूर्ति के लिए सुविधा स्थापित करने के अवसर की तलाश कर रहे हैं।

# एलजी का एक्शन: दिल्ली निगम के पांच व सरकार के एक अधिकारी को किया सस्पेंड

## भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग करने के आरोप में की कार्रवाई

■ सब-रजिस्टार ऑफिस में दिल्ली के सेंट्रल जोन में गैरकानूनी ढंग से 50 अनऑथराइज्ड कंस्ट्रक्शन को लीगली रेगुलराइज कर दिया गया था



दर्पण न्यूज सर्विस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के पांच और दिल्ली सरकार के एक अधिकारी को निलंबित कर दिया है। एलजी ने भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग करने के आरोप में इन अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश दिया है।

दरअसल, सब-रजिस्टार ऑफिस में दिल्ली के सेंट्रल जोन में गैरकानूनी ढंग से 50 अनऑथराइज्ड कंस्ट्रक्शन को लीगली रेगुलराइज कर दिया गया था। इससे पहले एलजी ने अलीपुर हादसे के बाद एक जेई और एक एई अधिकारी को भी सस्पेंड कर दिया था। इसके अलावा भलस्वा के एक अधिकारी को भी निलंबित किया गया था।

-ए.एस. यादव (अधीक्षक अभियंता) - सेनेटरी लैंडफिल साइट, भालस्वा में वित्तीय अनियमितताओं के लिए निलंबित किया गिया।

-मनीष कुमार (प्रशासन अधिकारी) और विजय कुमार (क्षेत्रीय निरीक्षक) दक्षिण क्षेत्र में संपत्तियों के उत्परिवर्तन के लिए कागजात के प्रसंस्करण में देरी के लिए निलंबित किया गया।

अंजू भूटानी (डिप्टी कंट्रोलर ऑफ अकाउंट्स) - पेंशन मामलों की निकासी से संबंधित मामलों पर बैंकों के साथ कार्रवाई नहीं करने के लिए निलंबित किया गया। श्रीनिवास (सहायक अभियंता नरेला) और सांख्य मिश्रा (जूनियर इंजीनियर नरेला) - अनधिकृत निर्माण को रोकने में विफलता के लिए निलंबित, जिसके कारण हाल ही में अलीपुर के बकौली गांव में एक निमार्णाधीन गोदाम ढह गया, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई। एक अन्य कदम में उपराज्यपाल ने करोल बाग क्षेत्र में कम से कम 50 अनधिकृत निर्माणों को अवैध रूप से नियमित करने के लिए दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग के एक सब-रजिस्ट्रार पर मुकदमा चलाने के लिए सीबीआई को भी मंजूरी दे दी है। आसफ अली रोड पर सब रजिस्ट्रार-क्कक के पद पर तैनात राज पाल पर बिक्री विलेखों पर अनधिकृत निर्माण की अपेक्षित मुहर लगाए बिना अनधिकृत संपत्तियों को पंजीकृत करने का आरोप है। राजपाल ने 21 जुलाई 2015 से 26 सितंबर 2018 की अवधि के दौरान ऐसी 50 संपत्तियां दर्ज की थीं।

## स्वतंत्रता दिवस के लिए 23 हजार तिरंगा तैयार करने में जुटी 60 महिलाएं

**डिब्रूगढ़।** डिब्रूगढ़ जिला के मोरान के खवांग विकास खंड की चार पंचायतों की 60 महिलाओं ने स्वतंत्रता दिवस के लिए 23 हजार राष्ट्रीय ध्वज तैयार करने में जुट गयी हैं। असम प्रदेश ग्रामीण आजीविका अभियान के अंतर्गत खोवांग विकास खंड मंडल स्तर के संगठन मणिकंचन समूह ने इतनी बड़ी संख्या में झंडे तैयार करने का बीड़ा उठाया है। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' नामक अभियान शुरू किया है।

इसके तहत देश के प्रत्येक नागरिक के घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आह्वान किया गया है। इस आह्वान का समर्थन करते हुए असम राज्य ग्रामीण आजीविका अभियान के खोवांग विकास प्रखंड के मंडल स्तरीय संगठन मणिकांचन के सदस्यों ने यह कदम उठाया है। मणिकंचन के अंतर्गत खोवांग विकास खंड के खोवांग कलोलोवा, तीन ठेंगिया, लेंगरी और नखाट पंचायतों के कुल 60 सदस्य अब राष्ट्रीय ध्वज तैयार करने में व्यस्त हैं। महिलाएं पहले ही 23 हजार राष्ट्रीय ध्वज के लक्ष्य के साथ लगभग 7,000 झंडों का निर्माण पूरा कर चुकी हैं। 11 अगस्त तक शेष ध्वज को तैयार कर उसे बेचने के लिए मुहैया कराया जाएगा।

## मुख्तार अंसारी की पत्नी, बेटा और साले भगोड़ा घोषित

■ बार-बार नोटिस के बाद भी नहीं हो रहे थे पेश



दर्पण न्यूज सर्विस

**मऊ।** पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की पत्नी, बेटे और दो सालों को भगोड़ा घोषित कर दिया गया है। सभी को खुद कोर्ट में पेश न होने पर मऊ एसपी ने संपत्ती कुर्क करने की चेतावनी दी है। सभी के खिलाफ पहले से गैरजमानती वारंट जारी था। इसी को लेकर पुलिस धारा 82 यानी भगोड़ा घोषित करने की कार्रवाई करते हुए नोटिस चस्पा की है।

मुख्तार अंसारी घर पर पुलिस ने डुगडुगी भी पिटवाई। पत्नी, बेटे और सालों के बारे में जानकारी देने की लोगों से अपील भी की गई। मुख्तार के करीबियों पर पुलिस की करीबी नजर है। दूसरी ओर मुख्तार के जेल में होने के बीच अब बेटे अब्बास की गिरफ्तारी के लिए पुलिस जगह जगह दबिश दे रही है।

मुख्तार की पत्नी और दो सालों पर भी कार्रवाई की तलवार लटक रही है। दक्षिणटोला के रैनी में अनुसूचित जाति के लोगों की जमीन को कब्जा कर एफसीआइ गोदाम बनाने के मामले में मुख्तार अंसारी की पत्नी व दो साले फरार चल रहे हैं। इसी मामले में दक्षिणटोला थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपितों पर कार्रवाई की जा रही है।

न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद भी न तो किसी ने सरेंडर किया और नहीं अभी तक पुलिस गिरफ्तार ही कर पाई है। सार्वजनिक संपत्ति क्षति अधिनियम का अभियोग मुख्तार अंसारी की पत्नी आफसा अंसारी, साले आतिफ रजा उर्फ शरजिल रजा, अनवर शहजाद व रविंद्र नरायण सिंह, जाकिर हसैन उर्फ विक्की के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था। इसमें 21 अक्टूबर 2021 को पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था।

## बागी विधायक संजय शिरसाट ने दिया उद्धव ठाकरे को करारा जवाब

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समूह ने शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर हमला करते हुए कहा कि बालासाहेब ठाकरे किसी की निजी संपत्ति नहीं हैं। बागी विधायक संजय शिरसाट ने उद्धव ठाकरे की ओर इशारा करते हुए कहा कि एक महान नेता को नीचे मत गिराओ जो एक पायदान ऊपर चला गया है। बालासाहेब ठाकरे हर शिवसैनिक के देवता हैं, उनके दिलों में रहते हैं। उनकी लोकप्रियता को कम करने का प्रयास न करें। संजय शिरसाट ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि उद्धव ठाकरे ने एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा था कि बालासाहेब ठाकरे उनके पिता हैं, इसलिए कोई भी अपनी राजनीति के लिए उनके पिता के फोटो का तथा उनके नाम का उपयोग न करे। उद्धव ठाकरे के इसी साक्षात्कार का कड़ा विरोध शिंदे समूह ने किया है। संजय शिरसाट ने कहा कि वे इस पार्टी में 38 साल बिता चुके हैं। उन्होंने देखा है कि बालासाहेब ठाकरे ने शिवाजी महाराज को प्रणाम किये बिना कभी बैठक शुरू नहीं की। शिवाजी महाराज की तरह ही शिवसेना प्रमुख भी शिवसैनिकों के मन में हैं, इसलिए इस विषय पर ज्यादा व्यक्तव्य करना ठीक नहीं है।

## तेलुगु भाषी राज्यों में थम नहीं रही आसमानी आफत, येलो अलर्ट



दर्पण न्यूज सर्विस

**हैदराबाद।** तेलुगुभाषी राज्यों तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में थोड़ी राहत के बाद फिर से बारिश का कहर बरपने वाला है। मौसम विभाग ने दोनों राज्यों के कई इलाकों में भारी बारिश की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। तेलंगाना राज्य के लिए मौसम विभाग ने आदिलाबाद, कोमरम भीम आसिफाबाद, मंचिरियाल, निर्मल, निजामाबाद, जगित्याल, राजन्ना सिरसिल्ला, करीमनगर, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोत्तागुडेम, खम्मम तथा पेद्दापल्ली जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने सोमवार देर रात जारी अपने बुलेटिन में कहा कि अगले तीन दिनों तक भारी बारिश की संभावना है। इस बीच नलगोंडा के कनागल में सबसे अधिक 42 मिमी, घनपुर में 41 मिमी और कोडंडापुरम जल संयंत्र में 37.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। राज्य में औसत बारिश 6.9 मिलीमीटर रही, जबकि सामान्य बारिश 7.3 मिलीमीटर थी। 1 जून से 25 जुलाई तक राज्य की औसत संचयी वर्षा 648.8 मिमी थी। कोतागुडेम जिले के भद्राचलम में गोदावरी नदी के कारण क्षेत्र में एक बार फिर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। नदी का जलस्तर बढ़ रहा है और सोमवार शाम को यह पहले चेतावनी स्तर को पार कर गया। सिंचाई विभाग के सूत्रों के अनुसार दोपहर 12 बजे 9.80 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद जलस्तर 43.60 फीट था। जल स्तर पहले चेतावनी स्तर से ऊपर स्थिर रहा और शाम 6 बजे 9.55 लाख क्यूसेक के साथ जल स्तर 43.50 फीट पर था। नदी के जलग्रहण क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण यह फिर से बढ़ गया। अधिकारियों ने कहा कि अगर बारिश जारी रहती है तो जल स्तर में और वृद्धि होने की उम्मीद है। इस बीच पिछले 24 घंटों के दौरान कोतागुडेम जिले में हल्की से मध्यम बारिश हुई।

## सड़कों पर उतरे कांग्रेसियों की पुलिस से झड़प, हिरासत में लिए गए कई नेता



दर्पण न्यूज सर्विस

**लखनऊ।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय से पूछताछ के विरोध में कांग्रेसियों ने लखनऊ में जबरदस्त प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकताओं ने लखनऊ के विधान भवन के प्रदर्शन कर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी गांधी प्रतिमा की तरफ जा रहे थे तो उनसे पुलिस की झड़प हो गई। वहीं, कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना के साथ ही कई नेताओं को हाउस अरेस्ट किया गया है।

प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकताओं का कहना है कि प्रवर्तन निदेशालय केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर काम कर रहा है लेकिन हम डरेंगे नहीं और प्रदर्शन करते रहेंगे।

## जोधपुर में जानलेवा बारिश: 5 की डूबने से मौत, एक युवक बहा



दर्पण न्यूज सर्विस

**जयपुर।** जोधपुर में सोमवार से हो रही बारिश जिंदगी पर भारी पड़ी। कल से अब तक 175 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश जोधपुर में हो चुकी है। मंगलवार दोपहर जिले के बावड़ी कस्बे में बरसाती पानी में नहा रहे 4 बच्चों की गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। मृतकों में 2 बच्चे सगे भाई बहन हैं। लोगों ने एक बच्ची को डूबने से बचा लिया। वहीं जोधपुर के बाहरी छोर पर बेरी गंगा झरने में नहाने गए 3 युवक तेज धार में बह गए। लोगों ने 2 को बचा लिया लेकिन 19 साल के युवक की मौत हो गई।

जिले के बावड़ी कस्बे के गोविन्दपुरा गांव में गवारियों की ढाणी में मिट्टी के अवैध खनन के कारण गहरे गड्ढे बने हैं। दो दिन हुई तेज बारिश के कारण इन गड्ढों में पानी भर गया। मंगलवार दोपहर पास की बस्ती के 5 बच्चे यहां नहाने चले गए थे। पानी में उतरते ही पांचों बच्चे डूबने लगे। मदद के लिए बच्चे चिल्लाए तो पास ही खेत में काम कर रहे एक व्यक्ति ने बच्चों की पुकार सुनी।

व्यक्ति मदद के लिए चिल्लाते हुए बच्चों तक पहुंचा। दूसरे लोग भी भागते हुए वहां पहुंच गए। कुछ लोगों ने पानी में कूदकर बच्चों को बचाने की कोशिश की। एक व्यक्ति ने पानी में डूब रही 11 वर्षीय बच्ची गेंदा पुत्री प्रकाशराम को बाहर निकाल लिया। जबकि अन्य चार बच्चों की बाहर निकाले जाने तक मौत हो गई। मृतकों में हीराराम की 15 वर्षीय बेटी अनिता व 12 वर्षीय बेटा किशोर डूब गए।

मृतकों में रामनिवास का 12 वर्षीय बेटा पिंटू और प्रकाश राम का 16 वर्षीय बेटा संजू भी पानी में डूब गए। लोगों ने उनके शव निकाले। बच्चों को बावड़ी अस्पताल पहुंचाया, डॉक्टर ने 4 बच्चों को मृत घोषित कर दिया। तब तक बावड़ी थानाधिकारी व अन्य अधिकारी भी अस्पताल पहुंच गए। एक साथ चार बच्चों की पानी में डूबने की मौत का समाचार मिलते ही अस्पताल के बाहर भारी भीड़ जुट गई।

चारों मृतक बच्चों के पिता खेती-बाड़ी का काम करते हैं। जबकि इनकी मां इलाके में चूड़ी बेचने का काम करती हैं। बच्चों की मौत का पता चलते ही इनके परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए।

## दवाई यों की कमी के कारण दिल्ली में एचआईवी मरीजों का प्रदर्शन




दर्पण न्यूज सर्विस

**नई दिल्ली।** एचआईवी यानी ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस की दवाओं कमी के खिलाफ राजधानी दिल्ली में प्रदर्शन हो रहा है। एचआईवी पीड़ितों का एक समूह पिछले कुछ दिनों से राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहा है। प्रदर्शन कर रहे एक पीड़ित ने बताया कि दिल्ली और उसके आसपास के राज्यों में पिछले पांच महीने से एंटीरेट्रोवायरल (एआरवी) दवाओं की कमी चल रह रही है। एंटीरेट्रोवायरल दवाएं एचआईवी मरीजों को सामान्य और स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए दिए जाते हैं। दवाओं की कमी के बारे में हमने राज्य ऑथरिटी को भी लिखा लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। आखिरकार हमें प्रदर्शन करना पड़ा। एक दूसरे मरीज ने कहा कि एचआईवी मरीजों को दी जाने वाली दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। अगर ये दवाइयां नही हैं तो भारत एचआईवी फ्री देश कैसे बन पाएगा। वहीं सोमवार को आधिकारिक सूत्रों ने जानकारी दी थी कि करीब 95 फीसदी एचआईवी मरीजों के लिए देशभर में पर्याप्त दवा है।

दिल्ली में एंटीरेट्रोवायरल (एआरवी) दवाओं की कमी नहीं है और कई दवाओं के ऑर्डर दिए जा चुके हैं। हांलाकि, एचआईवी का कोई इलाज नहीं है। एंटीरेट्रोवायरल (एआरवी) मरीजों को प्राथमिक उपचार के लिए दिया जाता है।

## मंडी में कार खाई में पलटी: दंपत्ति समेत 2 बच्चे घायल

**मंडी।** हिमाचल में मंडी के गोहर-पंडोह मार्ग पर बरसाट के पास कार खाई में गिर गई। हादसे में पति, पत्नी समेत उनके 2 बच्चे घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को कार से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।वहीं, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मिली जानकारी के अनुसार, चेतराम अपने परिवार के साथ ससुराल शिवाबदार जा रहा था। उसी दौरान बरसाट के पास उसकी कार अनियंत्रित होकर करीब 300 फुट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चेतराम, उसकी पत्नी प्रियंका, बेटे विकास और मोहित घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर काफी संख्या में आसपास के लोग वहां पहुंच गए। जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने सभी घायलों का रेस्क्यू कर कार से बाहर निकाला और गोहर अस्पताल में पहुंचाया।

## सुखराम चौधरी ने कारगिल विजय दिवस पर पांवटा साहिब में शहीद स्मारक का किया लोकार्पण



दर्पण न्यूज सर्विस

**शिमला।** कारगिल विजय दिवस पर मंगलवार को पांवटा साहिब में 8 लाख की लागत से निर्मित शहीद स्मारक का ऊर्जा मंत्री सुखराम चौधरी ने सांसद लोकसभा सुरेश कश्यप व उपाध्यक्ष राज्य नागरिक आपूर्ति निगम बलदेव तोमर की उपस्थिति में लोकार्पण किया गया। भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब व शिलाई क्षेत्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए शहीद हुए योद्धाओं को पुष्पांजलि अर्पित की गई। तथा कार्यक्रम में उपस्थित उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 1999 में हुआ कारगिल युद्ध इसका एक उदाहरण है। जब पाकिस्तान ने कारगिल की चोटियों पर कब्जा कर लिया, परंतु भारतीय सेना ने हजारों फीट की ऊंचाई पर चढ़ाई करके दुश्मन की सेना को खदेड़ा। लगभग 3 महीने तक दोनों देशों के बीच घमासान युद्ध हुआ और भारत ने पाकिस्तान पर विजय प्राप्त की और तब से हर वर्ष भारत में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

कारगिल युद्ध में हिमाचल के 52 वीरों ने सर्वोच्च बलिदान दिया तथा इस युद्ध में जिला सिरमौर के दो रणबांकुरे शहीद कुलविंदर सिंह व शहीद कल्याण सिंह ने अपने अदम्य साहस का परिचय दिया और देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए। पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाऐं कार्यान्वित की गईं। जिसके तहत 2600 पूर्व सैनिकों व 62 शहीदों के आश्रितों को रोजगार प्रदान किया गया। प्रदेश के 1147 शौर्य पुरस्कार र सैनिकों के परिवारों के साथ हर सुख-दुख में खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी। कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया। जिनमें गांव छछेती के शहीद अमर सिंह, गांव सुनोविजेताओं को लगभग 15 करोड़ की राशि वितरित की गई है।

## 24 घंटे में चार कावड़ियों की मौत, हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे थे




दर्पण न्यूज सर्विस

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में पिछले 24 घंटे में चार कांवड़ियों की सड़क हादसे में मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

कविनगर थाना क्षेत्र में बमहेटा के पास कावड़ियों का एक जत्था हरिद्वार से दिल्ली की तरफ जा रहा था। सोमवार तड़के करीब साढ़े चार बजे एनएच-9 पर शाहपुर बम्हेटा गांव के सामने पहुंचते ही स्कूटी सवार कावड़िया डिवाइडर से टकरा गया। साथी कांवड़िया आगे निकल गए। पुलिस ने घायल कांवड़िया को मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक अजीत दिल्ली के बलजीत नगर का रहने वाला था। वहीं, तीन मृतकों की पहचान प्रिंस, राहुल और जमशेद के रूप में हुई है। तीनों दिल्ली के त्रिलोकपुरी के रहने वाले थे। प्रिंस (26) पुत्र रामदुआल, राहुल (26) पुत्र कमलेश और जमशेद (27) पुत्र महमूद अली 22 जुलाई को रात हरिद्वार से निकले थे। वापस लौटते समय एनएच 9 पर वेव सिटी के सामने इनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। प्रिंस, राहुल और जमशेद डीएमई से दिल्ली जा रहे थे। मंगलवार तड़के करीब 4 बजे हादसा हो गया। पुलिस तीनों को जिला संयुक्त अस्पताल लेकर पहुंची और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**बड़ा एलान** हमीरपुर में शहीदों की याद में बनेगा 'वार मेमोरियल'

## सभी अग्निवीरों को मिलेगी सरकारी नौकरी: जयराम ठाकुर



दर्पण न्यूज सर्विस

**शिमला।** हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने अग्निपथ योजना पर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि इस योजना के तहत भर्ती होने वाले सभी अग्निवीरों को सेवाकाल से लौटने के बाद सरकारी नौकरी मिलेगी। उट ने हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के डिडवीं-टिक्कर में जल शक्ति विभाग का सब डिवीजन खोलने का भी एलान किया है। इसके अलावा हमीरपुर में शहीदों की याद में 'वार मेमोरियल' बनाने का भी एलान कर 70 लाख देने की घोषणा की। इसे शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा पार्क में स्थापित किया जाएगा।

हमीरपुर के टाउनहॉल में मंगलवार को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उट ठाकुर ने 14 करोड़ के उद्घाटन और शिलान्यास किए। इनमें चार करोड़ 33 लाख से बनने वाले इंडोर स्टेडियम के अलावा उठाऊ पेयजल योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

मुख्यमंत्री ने शहीद परिवारों के अलावा वीर नारियों और पूर्व सैनिक जिन्होंने युद्ध में भाग लिया है, उन्हें सम्मानित किया। इनमें सबीना कुमारी, शकुंतला, किरण देवी, सत्या देवी ,विद्या देवी, पूनम देवी, विद्या, कमलेश, कश्मीरी देवी, नीलम, रंजना, बीना शर्मा आदि को सम्मानित किया। इसके अलावा सुरेश कुमार व नरेंद्र को भी सम्मानित किया। दोनों ने अमरनाथ यात्रा के दौरान आतंकी हमले में आतंकवादियों को खत्म किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों को घर-घर पहुंचाने के लिए उस वक्त के प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने विशेष प्रबंध किए थे। उस वक्त 52 शहीदों के शव हिमाचल पहुंचे। कारगिल युद्ध में पूरे देश में 4 परमवीर चक्र मिले, जिनमें से 2 वीर सैनिक हिमाचल के हैं। छोटे प्रदेश ने देव भूमि के साथ-साथ वीरभूमि होने का गौरव भी हासिल किया।

कार्यक्रम समाप्त होने के बाद शहीद मृदुल स्मारक में मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पत्रकारों से रूबरू हुए। इस दौरान कार्यकताओं द्वारा पार्टी छोड़ने के सवाल पर उट ने कहा कि जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, कुछ लोग छोड़ जाते हैं और कई पार्टी में आते हैं। उन से जब खीमी राम और इंदु वर्मा द्वारा बीजेपी छोड़ कांग्रेस में जाने तथा कुछ अन्य बीजेपी नेताओं के बगावती सुरों के बारे में प्रश्न किया तो मुख्यमंत्री तलख होते दिखे। सीएम ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में कुछ और भी देखने को मिलेगा। भाजपा का संगठन प्रदेश में मजबूत है। कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त हुआ है। जबकि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा आगे बढ़ी है। यही कारण है कि हिमाचल में बीजेपी पूर्ण बहुमत से रिपीट कर रही है।

## डीआईजी ने होमगार्ड के पांच जवानों को पदक से किया सम्मानित

**दुमका।** क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान गृह रक्षा वाहिनी नकटी में विगत 42 दिन से चल रहे होमगार्डों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में चतरा जिला के 384 होमगार्ड जवान शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीआईजी सुदर्शन मंडल एवं विशिष्ट अतिथि एसपी अंबर लकड़ा उपस्थित थे। जवानों ने काफी कम समय में ही परेड की तैयारी कर शानदार प्रदर्शन किया। पंक्तिबद्ध जवानों का डीआईजी के निरीक्षण के बाद जवानों ने मंच के सामने से मार्च पास्ट परेड किया। सलामी डीआईजी सुदर्शन मंडल ने लिया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए डीआईजी ने जवानों का हौसला अफजाई कर परेड को काफी उत्तम दर्जे का बताया गया। डीआईजी ने होमगार्ड का गठन, कर्तव्य, उद्देश्य और विधि व्यवस्था में होमगार्ड की भूमिका आदि के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही जवानों के उज्जवल भविष्य की भी कामना किया।

## देश के पांच और स्थल रामसर सूची में आर्द्रभूमि के रूप में जोड़े गए




दर्पण न्यूज सर्विस

**नई दिल्ली।** देश के पांच और स्थलों को रामसर संधि के तहत अंतरराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि के रूप में मान्यता दी गई है। इसी के साथ देश में ऐसे स्थलों की संख्या 49 से बढ़कर 54 हो गयी है। जिन पांच नए स्थलों को रामसर सूची में शामिल किया गया है उनमें तमिलनाडु के तीन और मिजोरम एवं मध्य प्रदेश का एक-एक स्थल शामिल है।

तमिलनाडु के जिन तीन स्थलों को शामिल किया गया है उनमें करीकिली पक्षी अभयारण्य, पल्लिकरनई मार्श रिजर्व फॉरेस्ट और पिचवरम मैंग्रोव शामिल हैं। वहीं, मिजोरम में पाला आर्द्रभूमि और मध्य प्रदेश में साख्य सागर को भी इस सूची में शामिल किया गया है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने ट्वीट कर कहा कि देश पर्यावरण संरक्षण एवं अपनी आर्द्रभूमि को संरक्षित करने के प्रति गंभीर है। इसे संरक्षित करने के लिए देश में लगातार सुधार किया जा रहा है।

रामसर सूची का उद्देश्य आर्द्रभूमि का एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क विकसित करना है, जो वैश्विक जैविक विविधता के संरक्षण एवं मानव जीवन को बनाए रखने के लिए उनके पारिस्थितिकी तंत्र घटकों और लाभों के रखरखाव के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। रामसर संधि आर्द्रभूमि के संरक्षण से संबंधित एक अंतरराष्ट्रीय संधि है। इसका नाम कैस्पियन सागर स्थित ईरानी शहर रामसर के नाम पर रखा गया है, जहां दो फरवरी 1971 को संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस संधि को 1975 में लागू किया गया।

# पोप फ्रांसिस ने कनाडा में ईसाई मिशनरियों के दुर्व्यवहार के लिए माफी मांगी



दर्पण न्यूज सर्विस

**मास्क्वासिस (कनाडा)।** पोप फ्रांसिस ने कनाडा के आवासीय स्कूलों में दशकों पहले हजारों बच्चों के साथ हुए ईसाई मिशनरियों के दुर्व्यवहार के लिए माफी मांगी। उन्होंने रविवार को कनाडा की यात्रा शुरू करने से पहले संकेत भी दिया था कि यह ह्यप्रायश्चित तीर्थयात्राह्न है। यह मूल निवासियों के बच्चों की पीढ़ियों को जबरन मौजूदा पीढ़ी के साथ मिलाने में कैथोलिक मिशनरियों की भूमिका का प्रायश्चित करने के लिए है।

पोप फ्रांसिस ने कनाडा के इंडिजेनस रेजिडेंशियल स्कूल की 'कष्टकारी' नीति में कैथोलिक चर्च के सहयोग देने पर सोमवार को ऐतिहासिक माफीनामा जारी किया। उन्होंने कहा कि मूल निवासियों को जबरन ईसाई समाज में शामिल किया गया। इससे उनकी संस्कृति नष्ट हो गई। अलग हुए परिवारों और हाशिये पर रहने वाले लोगों के कष्ट का अनुभव आज भी किया जा रहा है। पोप ने कहा, उन्हें इसका खेद है। मूल निवासियों के खिलाफ अनगिनत ईसाइयों ने जो गलत काम किया, उसके लिए मैं विनम्रतापूर्वक माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा- मैं उन सभी अत्याचारों के लिए माफी मांगता हूं जो कई ईसाइयों ने मूल निवासियों पर ढाए। फ्रांसिस के माफी मांगने का गवाह बनने के लिए अल्बर्टा में बड़ी संख्या में उत्पीड़न के शिकार पूर्व छात्र और स्थानीय समुदाय के सदस्य एकत्र हुए। कनाडा आने के पहले ही दिन पोप ने माफी मांगकर संदेश देने का प्रयास किया कि वे इसे कितना महत्व देते हैं। पोप सात दिन की 'धार्मिक यात्रा' पर कनाडा पहुंचे हैं। लंबे समय से मांग की जा रही थी कि कैथोलिक रेजिडेंशियल स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों से दुर्व्यवहार और सांस्कृतिक दमन के लिए पोप माफी मांगें। 19वीं और 20वीं सदी में डेढ़ लाख से अधिक स्थानीय विद्यार्थियों को सरकारी ईसाई स्कूलों में पढ़ने के लिए बाध्य किया गया था। कनाडा सरकार स्वीकार कर चुकी है कि 19वीं शताब्दी से 1970 के दशक तक संचालित सरकारी वित्त पोषित ईसाई स्कूलों में शारीरिक और यौन शोषण बड़े पैमाने पर हुआ था। लगभग 1,50,000 मूल निवासी समुदाय के बच्चों को उनके परिवारों से दूर ले जाया गया। इससे पहले अल्बर्टा हवाई अड्डे पर उनका स्वागत स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधियों, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और स्थानीय समूह इनुक की सदस्य एवं देश की पहली जातीय गवर्नर जनरल मेरी साइमन ने किया। फ्रांसिस को फ्रॉग लेक फर्स्ट नेशंस के आवासीय स्कूल की एक पीड़ित एल्डर अल्मा डेसजर्लिस को मिलवाया गया। उन्होंने डेसजर्लिस का हाथ चूमा। इस मौके पर कॉन्फेडरसी ऑफ ट्रीटी सिक्स फर्स्ट नेशंस के ग्रैंड चीफ जॉर्ज आर्केंड जूनियर ने कहा- अभी, हमारे बहुत से लोग संशय में हैं और वे आहत हैं। पोप की माफी के साथ हम इस सदमे से उबरने की यात्रा शुरू कर सकते हैं।

## जेलेंस्की की सरकार को उखाड़ फेंकना चाहते हैं पुतिन : लावरोव

**कीव।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का लक्ष्य यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की सरकार को उखाड़ फेंकना है। लावरोव की ये टिप्पणी यूक्रेन द्वारा अपने काला सागर बंदरगाहों से अनाज के निर्यात को बहाल करने के प्रयास के बीच आयी है। काहिरा में अरब लीग सम्मेलन में लावरोव ने कहा कि रूस यूक्रेनवासियों को इस अस्वीकार्य शासन के बोझ से मुक्त कराने में मदद करने के लिएह्न दृढ़संकल्प है। लावरोव ने यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगी देशों पर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यूक्रेन ह्यरूस का सार्वकालिक दुश्मन है। उन्होंने कहा कि रूसी और यूक्रेनी लोग आगे भी एक साथ रहेंगे, हम निश्चित ही यूक्रेन के लोगों को इस शासन से मुक्ति दिलाने में मदद करेंगे जो बिल्कुल जन-विरोधी एवं इतिहास -विरोधी है। लावरोव की टिप्पणी युद्ध के प्रारंभ में क्रेमलिन की ओर से आये बयानों के बिल्कुल विपरीत हैं। तब रूसी अधिकारियों ने बार बार कहा था कि वे जेलेंस्की की सरकार को उखाड़ फेंकने की चेष्टा नहीं कर रहे हैं। लावरोव ने कहा कि रूस मार्च में ही शत्रुता समाप्त करने के लिए करार के वास्ते बातचीत को तैयार था लेकिन यूक्रेन ने रूख बदल लिया और रूस का सफाया करने के अपने इरादे का ऐलान कर दिया।

# अमेरिका में भारतीय मूल के कई लोग इन्साईडर ट्रेडिंग में फंसे

## अवैध रूप से 52 लाख डालर की कमाई की

दर्पण न्यूज सर्विस

**न्यूयार्क।** सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने ल्यूमेंटम होल्डिंग्स के पूर्व मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी अमित भारद्वाज और उनके दोस्तों धीरेनकुमार पटेल (50) श्रीनिवास कक्करा (47) अब्बास सईदी (47) और रमेश चित्तोर (45) पर आरोप लगाए हैं। आरोपितों ने आंतरिक जानकारियों के जरिये शेयर बाजार से लाखों डालर कमाए। अमेरिका में इनसाइडर ट्रेडिंग के अलग-अलग मामलों में भारतीय मूल के कई लोगों पर आरोप लगे हैं। आरोपितों ने आंतरिक जानकारियों के जरिये शेयर बाजार से लाखों डालर अवैध रूप से कमाए। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने ल्यूमेंटम होल्डिंग्स के पूर्व मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी अमित भारद्वाज और उनके दोस्तों धीरेन कुमार पटेल, श्रीनिवास, अब्बास सईदी और रमेश चित्तोर पर आरोप लगाए हैं।




एसईसी का आरोप है कि कैलिफोर्निया में रहने वाले इन व्यक्तियों ने इनसाइडर ट्रेडिंग के जरिये अवैध रूप से 52 लाख डालर से अधिक की कमाई की। एक अन्य मामले में एसईसी ने बैंकर बृजेश गोयल और उनके दोस्त अक्षय निरंजन पर इनसाइडर ट्रेडिंग का आरोप लगाया। एसईसी का आरोप है कि दोनों ने अवैध रूप से 275,000 डालर से अधिक की कमाई की। एक अन्य मामले में इंडियाना से अमेरिकी कांग्रेस के पूर्व सदस्य पर भी इनसाइडर ट्रेडिंग में शामिल होने का आरोप लगा है। स्टीफन बायर 1993 से 2011 तक रिपब्लिकन पार्टी से कांग्रेस के सदस्य रहे हैं। वे दूरसंचार उद्योग की निगरानी वाली समितियों में शामिल रहे हैं। मैनहट्टन में संघीय जिला अदालत में एसईसी की प्रवर्तन कार्रवाई दायर की गई थी, और प्रत्येक मामले में न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के लिए अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने सोमवार को आपराधिक आरोपों की घोषणा की। एसईसी के इंफोर्समेंट डिवीजन के निदेशक गुरबीर एस ग्रेवाल ने कहा, 'अगर रोजमर्रा के निवेशकों को लगता है कि बाजार में उनके पदों का दुरुपयोग करने वाले अंदरूनी सूत्रों के पक्ष में उनके खर्च पर धांधली हुई है, तो वे अपनी मेहनत की कमाई को बाजारों में निवेश नहीं करने जा रहे हैं।' एसईसी की शिकायतें सभी नौ बचाव पक्षों पर प्रतिभूति कानूनों के धोखाधड़ी-रोधी प्रावधानों का उल्लंघन करने का आरोप लगाती हैं और नागरिक दंड की मांग करती हैं। तीनों मामलों में एसईसी की जांच जारी है। भारद्वाज से जुड़े मामले में, एसईसी की शिकायत में आरोप लगाया गया है कि, ल्यूमेंटम में अपने काम के माध्यम से भारद्वाज ने कंपनी की योजनाओं के बारे में सामग्री गैर-सार्वजनिक जानकारी प्राप्त की।

# भारत ने लीबिया में आतंकवादी गतिविधियों के फिर से शुरू होने पर जताई चिंता

■ साथ ही युद्धग्रस्त जगहों पर शांतिपूर्ण समाधान का आग्रह किया




दर्पण न्यूज सर्विस

**न्यूयॉर्क।** भारत लीबिया में फिर से शुरू हुए आतंकवादी समूहों के हो रहे गतिविधियों से चिंतित है। भारत ने जोर देते हुए कहा है कि जल्द से जल्द इन गतिविधियों पर रोक लगनी चाहिए। साथ ही युद्धग्रस्त जगहों पर शांतिपूर्ण समाधान का आग्रह किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत ने लीबिया में आतंकवादी समूहों के फिर से उभरने और उनके गतिविधियों पर गहरी चिंता व्यक्त की, और इस बात पर जोर दिया कि शहरी युद्ध के विस्तार से बचने के लिए ऐसी संबद्ध संस्थाओं से निपटा जाना चाहिए। लीबिया पर यूएनएससी ब्रीफिंग में बोलते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के राजदूत आर रवींद्र ने कहा, हम लीबिया में आतंकवादी गतिविधि के पुनरुत्थान पर चिंतित हैं, और हम यह दोहराते हैं कि आतंकवादी समूहों और संबद्ध संस्थाओं को देश में अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने युद्धग्रस्त भूमि में संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान का भी आह्वान किया। लीबिया पर यूएनएससी में एक ब्रीफिंग में, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के राजदूत आर रवींद्र ने कहा, ॄहम लीबिया में आतंकवादी गतिविधि के पुनरुत्थान पर चिंतित हैं, और हम दोहराते हैं कि आतंकवादी समूहों और संबद्ध संस्थाओं को लीबिया में बिना किसी चुनौती के काम करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हालांकि, उन्होंने उस प्रगति का स्वागत किया जो पिछले महीने (28-29 जून, 2022) के अंत में जिनेवा में प्रतिनिधि सभा और राज्य की उच्च परिषद के अध्यक्षों की बैठक में हुई थी। भारतीय दूत ने कहा, 'यह जरूरी है कि सभी बकाया राजनीतिक मुद्दों को संबंधित पक्षों द्वारा शांतिपूर्वक हल किया जाए, लीबिया के लोगों के बड़े हितों को ध्यान में रखते हुए।' जल्द से जल्द राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव कराने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा, 'हमें उम्मीद है कि सभी पार्टियां लीबिया में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए मिलकर काम करेंगी। लीबिया के लिए एक तत्काल प्राथमिकता राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव जल्द से जल्द कराना है।

## कनाडा में बंदूकधारी समेत तीन की मौत

**लैंगली (ब्रिटिश कोलंबिया)।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में सोमवार तड़के सिलसिलेवार गोलीबारी में संदिग्ध बंदूकधारी समेत तीन लोगों की मौत हो गई है।

लैंगली शहर में बेघर लोगों पर गोलीबारी के बाद आपातकालीन अलर्ट जारी किया गया था और निवासियों को क्षेत्र से दूर रहने की सलाह जारी की थी। स्थानीय रॉयल कैनेडियन माउंटेन पुलिस बल के मुख्य अधीक्षक गालिब भयानी ने कहा कि हम तेजी से गोलीबारी के मामले सभी मामले की जांच कर रहे हैं जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है, एक की हालत गंभीर है और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने कहा कि इस घटना के पीछे के मकसद का पता नहीं चला है और ना ही हमलावर और मृतक के बीच कोई संबंध है। एक चश्मदीदी के अनुसार दो काली एसयूवी देखीं, जो पुलिस की इमरजेंसी रिस्पांस टीम द्वारा इस्तेमाल की गई एक वाहनों पर गोलियों के निशान देखे गए।

# द्रास की चोटियों पर आज भी संतरी बनकर खड़ा है मिग-21

■ खुद में कारगिल युद्ध का इतिहास समेटे है यह फाइटर विमान



दर्पण न्यूज सर्विस

**जम्मू।** 23 साल पहले कारगिल युद्ध में पाकिस्तानी सैनिकों पर कहर बरपाने वाला भारतीय वायुसेना का मिग-21 आज भी द्रास की चोटियों पर संतरी का प्रतीक बनकर खड़ा है। खुद में कारगिल युद्ध का इतिहास समेटे यह फाइटर विमान द्रास वार मेमोरियल में आने वाले देशवासियों को जहां गर्व का अहसास करवाता है, वहीं सरहद पार दुश्मन आज भी इसे याद कर यकीनन सिहर उठता होगा। कारगिल के हीरो मिग 21 विमान को वर्ष 2013 में द्रास वार मेमोरियल में खड़ा किया गया था, जो दशार्ता है कि किस तरह वायुसैनिकों ने ऊंचाई पर बैठे दुश्मन की नींव हिलाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। कारगिल की दुर्गम पहाड़ियों के बीच 20 हजार फीट की ऊंचाई पर युद्ध अभियान अत्यंत कठिन था, उस पर नियंत्रण रेखा के अंदर रह कर दुश्मन पर आघात करना था। दुश्मन को निशाना बनाने में अत्यंत दक्षता की जरूरी थी। वायुसेना के मिग 21 और मिराज जैसे विमान कारगिल के हालात में लड़ने में उचित थे। ऐसे में वायुसेना द्वारा चलाए गए आपरेशन सफेद सागर में मिग 21 गोल्डन एरो स्क्वाड्रन नंबर 17 का हिस्सा बना। इस स्क्वाड्रन का नेतृत्व कारगिल में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर अजय आहुजा ने किया था। दुश्मन पर मारक प्रहार करने वाले ये विमान पंजाब के बठिंडा से उड़े थे। वायु सेना ने लगभग 50 दिन में करीब 5000 उड़ानें भरीं थीं। हालांकि आपरेशन की शुरूआत में ही दुश्मन ने एक एमआई 17 को गिरा दिया था। ऐसे हालात में दुश्मन को मार गिराने के लिए आए मिग 21 व मिराज ने सटीक प्रहार से दुश्मन के कमांड कंट्रोल सिस्टम को तबाह कर दिया। थल सेना के साथ बेहतर समन्वय काम आया : सेवानिवृत्त विंग कमांडर कमल सिंह ने कहा कि सेना व वायुसेना के बेहतर समन्वय के कारण ही दुश्मन को बुरी तरह से हराया जा सका था। वायुसेना ने हवा से दुश्मन पर करारा प्रहार कर भारतीय सेना को चोटियों पर कब्जा करने में पूरा सहयोग दिया था। कठिन हालात में साथ लड़ते हुए इन दोनों सशस्त्र सेनाओं ने साबित किया था कि हालात चाहे कितने भी कठित हों भारतीय वीरों को आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता है।

# कोरोना का खतरा, देश में 24 घंटे में 14,830 नए संक्रमित, 36 की मौत



दर्पण न्यूज सर्विस

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के नए मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में मंगलवार सुबह आठ बजे तक देश में कोरोना के 14,830 नए मरीज मिले हैं। इस अवधि में कोरोना महामारी को मात देने वाले लोगों की संख्या 18,159 है। जबकि इससे 36 लोगों की मौत हो गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में कोरोना वायरस से ठीक होने वालों की कुल संख्या 04 करोड़ 32 लाख 46 हजार 829 हो गई है। इस दौरान रिकवरी दर 98.47 प्रतिशत हो गई। फिलहाल देश में सक्रिय मरीजों की संख्या एक लाख 47 हजार 512 है। जबकि दैनिक संक्रमण दर 3.48 प्रतिशत है। आईसीएमआर के मुताबिक बीते 24 घंटों में 4 लाख 26 हजार से ज्यादा टेस्ट किए गए। अबतक कुल 87 करोड़ 31 लाख टेस्ट किए जा चुके हैं।

# मंदी की चपेट में नहीं आएगा अमेरिका: जो बाइडन



दर्पण न्यूज सर्विस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन (वर ढशीश्रील्ल३ खङ्गी द्रील्ल) ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था मंदी की ओर नहीं बढ़ रही है। उन्होंने सेमीकंडक्टर चिप्स पर एक वर्चुअल बैठक के दौरान संवाददाताओं से कहा, 'मेरे विचार से अमेरिका में अभी भी रोजगार दर इतिहास में सबसे कम है। हम अभी भी खुद को निवेश करने वाले लोगों के साथ पाते हैं।' बाइडन ने कहा. 'मैं आशा करता हूं कि हम तीव्र विकास से स्थिर विकास की ओर जा रहे हैं। इसलिए हम कुछ नीचे आते दिखेंगे। लेकिन मुझे नहीं लगता कि हम वास्तव में नीचे जा रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि हम मंदी देखने जा रहे हैं।' अमेरिका के लिए दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद का आंकड़ा गुरुवार को जारी होने वाला है। यदि यह नकारात्मक वृद्धि दशार्ता है, तो यह लगातार दूसरी तिमाही होगी जहां अर्थव्यवस्था अनुबंधित हुई थी। यह बदले में एक संभावित संकेतक हो सकता है जिसे अक्सर कई अर्थशास्त्री मंदी कहते हैं। कई दशकों से उच्च मुद्रास्फीति के कारण अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मंदी के बारे में कई अर्थशास्त्रियों और विश्लेषकों ने पहले भी चिंता व्यक्त की थी। अमेरिकी अर्थव्यवस्था 2022 की पहली तिमाही में 1.4 प्रतिशत वार्षिक दर से अनुबंधित हुई। ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने रविवार को अर्थव्यवस्था की स्थिति, इसकी ऐतिहासिक ताकत, मुद्रास्फीति को कम करने के प्रयास और प्रारंभिक रीडिंग की व्याख्या कैसे की जाए, इसके बारे में बताया। इस सप्ताह दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद की घोषणा की जा रही है। येलेन ने समझाया कि मंदी की तकनीकी और वास्तविक परिभाषा 'डेटा की एक विस्तृत श्रृंखला' को ध्यान में रखती है और कहती है 'यह ऐसी अर्थव्यवस्था नहीं है जो मंदी में है।' ट्रेजरी सचिव ने जीडीपी संकुचन के लगातार दो तिमाहियों के बारे में पूछे जाने पर समझाया, 'यह तकनीकी परिभाषा नहीं है। नेशनल ब्यूरो आफ इकोनामिक रिसर्च नामक एक संगठन है, जो यह तय करने में डेटा की एक विस्तृत श्रृंखला को देखता है कि मंदी है या नहीं। और अधिकांश डाटा जो अभी वे देख रहे हैं, उनमें से अधिकांश मजबूत बने हुए हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे आश्चर्य होगा कि अगर वे इस अवधि को मंदी के रूप में घोषित करेंगे, भले ही यह दो-चौथाई नकारात्मक विकास हो। हमारे पास एक बहुत मजबूत श्रम बाजार है। जब आप एक महीने में लगभग 400,000 नौकरियां पैदा कर रहे हैं, तो यह मंदी नहीं है।'

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश लेकर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने उठाई कांवड़

■ हर की पैड़ी से पैदल यात्रा पर निकली

दर्पण न्यूज सर्विस

**हरिद्वार।** कांवड़ यात्रा के समापन के अवसर पर शिवरात्रि के दिन हर की पैड़ी हरिद्वार से एक अद्भुत कावड़ यात्रा शुरू हुई। यह यात्रा किसी और ने नहीं, बल्कि उत्तराखंड की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने की। इस यात्रा का उद्देश्य शिव की पूजा के साथ-साथ शक्ति की पूजा करना भी था और इसी उद्देश्य को देखते हुए उन्होंने सावन के महीने में कावड़ यात्रा के दौरान महिला सशक्तिकरण के लिए कांवड़ यात्रा करने का बीड़ा उठाया। यह अद्भुत तरह की पहली कावड़ यात्रा है। आज सुबह कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य हरकी पेडी ब्रह्मकुंड में पहुंची, जहां उन्होंने विधान के साथ गंगा जी की पूजा-अर्चना की और भगवान शिव का अभिषेक किया। उन्होंने हर की पैड़ी की प्रबंध कारिणी सभा और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्री मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज और अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय संरक्षक महंत हरि गिरि महाराज के पावन सानिध्य में गंगा के पावन तट पर कावड़ यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। महंत रवींद्र पुरी महाराज ने उन्हें कावड़ यात्रा की सफलता के लिए आशीर्वाद दिया और उनके महिला सशक्तिकरण के इस कार्य के लिए उनकी सराहना की।

**समस्या** केवल 1 वाल्व में तकनीकी दिक्कत को दूर करने में लग गया था दो सप्ताह का समय

# मास्को के पास यूरोप को ब्लैकमेल करने का फुलप्रूफ गेम प्लान! नहीं माना तो सर्दियों में ठिठुर जाएगा यूरोपीय संघ



दर्पण न्यूज सर्विस

**नई दिल्ली ।** रूस और युद्ध के चलते यूरोपीय संघ गैस की कमी और इससे होने वाली समस्या को देख चुका है। लेकिन यूरोप के लिए क्या ये आने वाले दिनों के लिए केवल एक सिग्नल भर था या कुछ और ये देखना काफी दिलचस्प है। ऐसा इसलिए क्योंकि आने वाले दिनों में यूरोप का सर्दियां काटना मुश्किल होने वाला है। इसके पीछे रूस की एक सोची समझी चाल भी हो सकती है या फिर कोई दूसरी मजबूरी। लेकिन इतनी सच्चाई जरूर है कि इसमें यूरोप का नुकसान होना तय है। आपको बता दें कि हाल ही में रूस से जर्मनी समेत अन्य देशों को जाने वाली गैस की नार्ड पाइपलाइन 1 के केवल 1 वाल्व में तकनीकी दिक्कत आई थी। इसको सही करने में ही करीब दो सप्ताह का समय लग गया था। इसकी वजह से यूरोपीय संघ को गैस की कमी से जूझना पड़ा था। अकेले जर्मनी को ही इसकी वजह से गैस की 60 फीसद कमी का सामना करना पड़ा था। लेकिन क्या हो यदि इस पाइपलाइन के 9 टरबाइन को ही मरम्मत की जरूरत पड़ जाए। जी हां, फिलहाल की हकीकत तो यही है। दरअसल, नार्ड पाइपलाइन 1 के रास्ते यूरोपीय संघ को गैस सप्लाई करने वाली सबसे बड़ी कंपनी एक टरबाइन को पूरी तरह से बंद कर दिया है। इसकी वजह कंपनी ने इसमें आई खराबी को बताया है। इसकी वजह से गैस की सप्लाई बाधित हुई है। कंपनी ने ये भी साफ कर दिया है कि वो 27 जुलाई से रोजाना 33 मिलियन क्यूबिक से अधिक की गैस सप्लाई नहीं करेगी। इसमें खास बात ये है कि ये सप्लाई इस पाइपलाइन की कैपेसिटी की केवल 20 फीसद ही होगी। कंपनी ने इन टरबाइन की रिपेयर के लिए करार किया हुआ है। कंपनी ने इसकी कागजी कार्रवाई भी शुरू कर दी है। लेकिन कनाडा से इसका जवाब अब तक नहीं आया है। कनाडा ने एक टरबाइन के पार्ट को जर्मनी भेज जरूर दिया है लेकिन ये भी प्रतिबंधों की भेंट चढ़कर रह गया है। इन सभी कवायदों के बीच जर्मनी को आने वाले दिनों में मुश्किलों का सामना करने की आहट भी सुनाई देने लगी है। यही वजह है कि पिछले सप्ताह जर्मनी के चांसलर ने कहा था कि वो रूस के ऊपर विश्वास करने में समर्थ नहीं पा रहा है। उनका कहना था कि रूस से गैस की सप्लाई पूरी तरह से शुरू करने को लेकर उन्हें कोई सटीक और सही जवाब नहीं मिला है। हालांकि रूस ने जर्मनी की आशंकाओं और सवालों को निराधार बताते हुए कहा है कि गैस सप्लाई में कमी का कारण तकनीकी खराबी और पश्चिमी देशों के लगाए प्रतिबंध हैं। गैस के जरिए रूस के पास में यूरोप को ब्लैकमेल करने का पूरा जरिया है। इस पूरे प्रकरण में रूस उस मदारी की तरह ही दिखाई देता है जिसके इशारे पर बंदर का नाचना मजबूरी होती है। रूस अपनी इस मंशा में कामयाब भी हो सकता है।

# युद्ध में न रूस जीता, न यूक्रेन हारा, पांच माह में श्मशान बन गए कई शहर

■ यूक्रेनी बलों ने रूसी सेना के 50 गोला-बारूद डिपो नष्ट किए



दर्पण न्यूज सर्विस

**कीव।** रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद छिड़ा युद्ध छठे महीने में प्रवेश कर गया। इस दौरान न रूस जीत पाया और न यूक्रेन हार पाया है। रशियन सेना ने यूक्रेन में भारी तबाही मचाई है। उसके कई शहर श्मशान बन गए हैं। रूस की सेना ने अब सतह से हवा में मार करने वाली एस-300 मिसाइलों से हमला शुरू कर दिया है।

इस बीच यूक्रेनी बलों ने कहा कि उन्होंने रूसी सेना के 50 गोला-बारूद डिपो नष्ट कर दिए हैं। यह कार्रवाई अमेरिका से मिले हिमारस रॉकेट प्रणाली का इस्तेमाल करते हुए की गई। अमेरिका ने जून में यूक्रेन को ये हथियार दिए थे। राष्ट्रीय टीवी पर यूक्रेन के रक्षामंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव ने कहा है अमेरिका से आए उच्च गतिशीलता वाले आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम ने बेहतर प्रदर्शन किया और रूस को बचाव का मौका नहीं दिया। फिलहाल रूस ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। रेजनिकोव ने कहा है कि यूक्रेन की तोपों ने कई पुलों पर सटीक हमले किए। इधर, यूक्रेन ने एक वीडियो भी जारी किया है। इसमें रूसी एंटी-एयर डिफेंस एस-300 की बैटरी नष्ट करने का दावा किया गया।

# मां चिंतपूर्णी मंदिर : यहां दर्शन करने से मिलता है चार गुणा अधिक फल



चिंतपूर्णी मंदिर शक्तिपीठ मंदिरों में से एक है इस स्थान को हिन्दुओ के प्रमुख धार्मिक स्थानों में से एक माना गया है। पूरे भारत मे शक्तिपीठ की संख्या 51 है इसमें से एक स्थान जहाँ सती का अंश चरण के रूप में यहाँ गिरे।

शक्तिपीठ से तात्पर्य यह है कि जब माता सती के शरीर को विष्णु जी के सुदर्शन चक्र से 51 भागो में बांटा गया था उस समय जिस-जिस स्थान पर गिरे, उन्हें शक्तिपीठ का दर्जा दिया गया है। चिंतपूर्णी धाम हिमाचल प्रदेश में स्थित है उस स्थान पर प्रकृति का सुंदर नजारा यात्रियों का मनमोह लेता है।

### धार्मिक ग्रंथों के अनुसार- चिंतपूर्णी

चिंतपूर्णी मंदिर शक्तिपीठ मंदिरों में से एक है शक्तिपीठ मंदिरों की संख्या पूरे भारतवर्ष में 51 है जिस स्थान पर शक्तिपीठ मंदिर है उस स्थान पर भगवान शिव का मंदिर स्थापित है। यह सभी मंदिर शिव और शक्ति से जुड़े हुए है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार इस सभी स्थानों पर देवी के अंश गिरे थे। माता सती के पिता और शिव जी के ससुर राजा दक्ष शिव जी को अपने बराबर नहीं मानते थे जब राजा दक्ष ने यज्ञ का आयोजन किया उस में सती और शिव जी को निमंत्रण नहीं दिया गया, फिर भी माता सती उस यज्ञ में अकेले बिन बुलाए पहुँची। राजा दक्ष ने शिव जी को अत्यंत अपमानित किया, जिसे सती सहन ना कर सकी और वह हवन कुंड में कूद गई। शिवजी को जब यह बात पता चली तब वह बेहद क्रोधित हो उठे। अग्निकुंड से माता सती के शरीर को निकालकर तांडव करने लगे, जिस कारण पूरे ब्रह्माण्ड में हाहाकार मच गया।भगवान विष्णु ने पूरे ब्रह्माण्ड को बचाने के लिए माता सती के शरीर को सुदर्शन चक्र से 51 भागो में बांट दिया। जहाँ यह अंग गिरे वह शक्तिपीठ बन गए। चिंतपूर्णी में चरण, नगरकोट में स्तनों के गिरने से बृजेश्वरी, हरियाणा के पंचकूला के पास मस्तिष्क गिरने से मनसा देवी, कोलकाता में केश गिरने के कारण महाकाली, कुरुक्षेत्र में टखना गिरने से भद्रकाली, आसाम में कोख गिरने के कारण कामाख्या देवी, नयन गिरने से नैना देवी आदि शक्तिपीठ बने। चिंतपूर्णी देवी को छिन्मस्तिका देवी भी कहा जाता है मंदिर के चारों ओर भगवान शंकर के मंदिर भी हैं। चिंतपूर्णी धाम में वैसे तो सावन मास, संक्रांति, पूर्णिमा, अष्टमी में काफी संख्या में श्रद्धालु आते हैं किन्तु नवरात्रों में यहां श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में पहुँच जाती है। दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु माता के भोग के रूप में सूजी का हलवा, लड्डू बर्फी, खीर, बताशा, नारियल लाते हैं भक्तों की इच्छा पूरी होने और ध्वज और लाल चुनरी माता को भेंट चढ़ाते हैं।



### माँ का भक्त- माईदास

चिंतपूर्णी धाम में मुख्य प्रवेश द्वार पर एक पत्थर दिखाई देगा उस पत्थर का नाम माईदास ही है।यह वही स्थान है जहां माता ने भक्त माईदास को दर्शन दिए थे। मंदिर की सीढ़ियों से उतरते हुए यहां उत्तर दिशा में तालाब है इसी तालाब के पश्चिमी दिशा में पंडित माईदास की समाधि है। पंडित माईदास के द्वारा ही माता के पावन धाम की खोज हुई।

# आदि विनायक मंदिर में भगवान गणेश के नरमुखी रूप के होते हैं दर्शन



भारत में भगवान गणेश को समर्पित कई चमत्कारिक मंदिर हैं। हर मंदिर का पौराणिक महत्व है। तमिलनाडु के तिरुवरुर जिले में स्थित भगवान गणेश का मंदिर भी अपनी खासियत और पौराणिक महत्व के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यह मंदिर दूसरे मंदिरों से बिल्कुल अलग है। जहां हर मंदिर में भगवान गणेश गज रूप में विराजन हैं, तो वहीं इस मंदिर में भगवान की पूजा इंसान के रूप में की जाती है। आईए जानते हैं इस मंदिर का पौराणिक महत्व और इससे जुड़ी अद्भुत कहानियां।

मान्यता है कि भगवान शंकर ने एक बार क्रोधित होकर भगवान गणेश की गर्दन को काट दिया था। इसके बाद भगवान श्री गणेश को गज का मुख लगा दिया गया। हर मंदिर में भगवान गणेश की गज रूप में प्रतिमा स्थापित है, लेकिन आदि विनायक मंदिर में भगवान गणपति के इंसान के चेहरे वाली प्रतिमा स्थापित है। गज मुख लगाए जाने से पहले भगवान का चेहरा का इंसान था, इसलिए विनायक मंदिर में उनके इस रूप की पूजा होती है।

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, प्रसिद्ध आदि विनायक मंदिर में भगवान राम ने पितरों की आत्मा की शांति के लिए भगवान गणेश की पूजा की थी। तब से ही इस मंदिर में पितरों की आत्मा की शांति के लिए पूजा करने की मान्यता है। तिलतर्पणपुरी के नाम से भी यह मंदिर दुनियाभर में जाना जाता है। लोग अपने पितरों की शांति के लिए नदी किनारे पूजा करते हैं, लेकिन धार्मिक अनुष्ठान मंदिर में किया जाता है। तिलतर्पण का मतलब होता है कि पितरों को समर्पित शहर।

आदि विनायक मंदिर में भगवान गणेश के साथ यहां पर भगवान शिव और माता सरस्वती की भी पूजा होती है। इस मंदिर में विशेष तौर पर भगवान शंकर की ही पूजा होती है, लेकिन श्रद्धालु आदि विनायक और मां सरस्वती की भी पूजा करते हैं। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, भगवान राम अपने पतिरों की आत्मा की शांति के लिए जब पूजा कर रहे थे, तो उनके रखे चार चावल के लड्डू कीड़े के रूप में बदल गए थे। भगवान राम जब-जब ऐसा करते तो चावल के लड्डू कीड़े के रूप में परिवर्तित हो जाते। इसके बाद भगवान राम ने शिव जी से इसका हल जानने की कोशिश की, तो भगवना शंकर ने आदि विनायक मंदिर में विधिपूर्वक पूजा करने की सलाह दी। इसके बाद भगवान राम ने पितरों की आत्मा शांति के लिए पूजा की। मान्यता है कि पूजा के दौरान चावल के चार पिंड शिवलिंग बन गए। यह चारों शिवलिंग आदि विनायक मंदिर के पास मौजूद मुक्तेश्वर मंदिर में स्थापित हैं जिनकी पूजा की जाती है। बताया जाता है कि महा गुरु अगस्त्य स्वयं हर संकटहार चतुर्थी को आदि विनायक की पूजा करते हैं।

# विदुर नीति: अपने दोषों के कारण व्यक्ति खुद को ही कर लेता है खुशियों से दूर

**कहते हैं कि व्यक्ति के कर्मों, आदतों और उसके व्यक्तित्व का उसके सुख-दुख से बड़ा नाता होता है। वहीं महात्मा विदुर के अनुसार व्यक्ति में पाए जाने वाले ये दोष उसके दुखों का कारण बन सकते हैं और ऐसे व्यक्ति कभी खुश नहीं रह पाते।**



महात्मा विदुर की नीतियां व्यक्ति को उसके अवगुणों की पहचान करके जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। मनुष्य की जिज्ञासा, उसका व्यक्तित्व और कर्म के बदौलत ही इंसान सुख-दुख का अनुभव करता है। अपने नीति शास्त्र में महात्मा विदुर ने कुछ ऐसे दोषों के बारे में बताया है जो अगर किसी इंसान के भीतर हैं तो व्यक्ति सभी सुख-सुविधाएं होने के बावजूद भी सुखी नहीं रह पाता।

**असंतोष:** महात्मा विदुर के अनुसार असंतोष की भावना से ग्रस्त व्यक्ति किसी भी काम या परिस्थिति से खुश नहीं हो पाता। ऐसे लोग जीवन में सभी सुख प्राप्त होने के बावजूद भी संतुष्ट नहीं होते और अपने साथ-साथ परिवार वालों के दुखों का कारण बनते हैं।

**क्रोध करना:** विदेश नीति के अनुसार क्रोध मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन माना गया है जो उसे भीतर से खोखला कर देता है। क्रोध में व्यक्ति सही गलत की पहचान नहीं कर पाता और बाद में उसे पछताना पड़ सकता है।

**ईर्ष्या की भावना:** ईर्ष्या की भावना भी मनुष्य में एक बड़ा दोष माना जाता है। ईर्ष्यालु प्रवृत्ति के लोग ना कभी खुद खुश रहते हैं और ना ही किसी और की उन्नति देखकर उन्हें खुशी मिलती है।

**दूसरों पर आश्रित लोग:** महात्मा विदुर कहते हैं कि जो लोग हर काम के लिए दूसरों पर निर्भर रहते हैं उन्हें कभी जीवन में सफलता प्राप्त नहीं हो पाती। पराश्रित व्यक्ति कभी भी जीवन में खुद की पहचान नहीं बना पाता।

# बुधवार के दिन मंत्रों के जाप से प्रसन्न होते हैं गजानन, जीवन की हर बाधा से मिलती है मुक्ति

सावन के महीने में भगवान शिव और माता पार्वती के साथ भगवान गणेश की पूजा को भी बहुत फलदायी माना गया है। ऐसे में बुधवार के दिन इन गणेश मंत्रों का जाप करने से धन और करियर संबंधी सभी परेशानी दूर होने की मान्यता है।

हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार सभी देवों में से भगवान गणेश की पूजा सबसे पहले करने का विधान है। वहीं भगवान गणेश को विघ्नहर्ता कहा जाता है जिनकी कृपा से जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं। इसके अलावा श्रावण मास में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा के साथ गणपति जी के पूजन को भी बहुत शुभ माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूजा-पाठ के साथ ही गणपति भगवान के इन मंत्रों का जाप बहुत प्रभावशाली माना गया है। ज्योतिष के जानकारों के मुताबिक इन मंत्रों के जाप से भगवान गणेश प्रसन्न होते हैं और उनकी कृपा से धन, व्यापार और करियर संबंधी सभी परेशानियों के दूर होने की मान्यता है...

### बुधवार को करें भगवान गणेश के इन मंत्रों का जाप

भगवान गणेश का आवाहन मंत्र: गजाननं भूतगणादिसेवितम कपित्थजम्बू फल चारू भक्षणं। उमासुतम शोक विनाशकारकं नमामि विघ्नेश्वर पादपंकजम।। आगच्छ भगवन्देव स्थाने चात्र स्थिरो भव। यावत्पूजा करिष्यामि तावत्वं सन्निधौ भव।।

**प्राण प्रतिष्ठा मंत्र:** अस्यैप्राणाः प्रतिष्ठन्तु अस्यै प्राणा क्षरन्तु च। अस्यै देवत्वमर्चार्यम मामेहती च कश्चन।।



**धन प्राप्ति मंत्र**

ॐ नमो गणपतये कुबेर येकद्रिको फट् स्वाहा।

**मनोकामना पूर्ति के लिए मंत्र**

ॐ गं गणपतये नमः

## आज का राशिफल



**मेष:** उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाये रखें। यात्राओं से आपको लाभ होगा। आपमें सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। मन में अज्ञात भय पनप सकता है। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें।



**वृष:** प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परोपकार के कार्यों में मन लगायेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। परिवार के सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। किसी सरकारी मामले में विजय होने की सम्भावना है।



**मिथुन:** कार्यक्षेत्र में आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिये। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। सम्पत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक सम्बन्धों का तनाव दूर होगा। ऑफिस में आपके कार्यों की लोग आलोचना कर सकते हैं।



**कर्क:** नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों को परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को लेकर असन्तुष्ट रहेंगे। किसी समारोह में सम्मिलित होने का विचार बनायेंगे। आपको नये अनुभवों के लिये तैयार रहना चाहिये। आप जिन अवसरों को तलाश रहे थे वे आपको प्राप्त हो सकते हैं।



**सिंह:** करियर के मामले में मित्रों से सलाह ले सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। लवमेट के साथ अच्छा समय बितायेंगे। सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। अपने गुस्से को नियन्त्रित करके शान्ति से काम लें।



**कन्या:** कार्यक्षेत्र के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। निर्माण कार्यों में प्रगति होगी। परिवार के साथ बैठकर विवाह आदि से जुड़े गम्भीर विषयों पर चिन्तन कर सकते हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। आपका दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी।



**तुला:** व्यापार में कुछ नयी योजना बना सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों को लेकर थोड़ी परेशानी रहेगी। कोर्ट केस में आपको विजय मिल सकती है। पहले की गयी मेहनत आज सुखद परिणाम दे सकती है। छात्र पढ़ाई-लिखाई को लेकर चिन्तित रहेंगे। परिजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लम्बी दूरी की यात्रा के दौरान सावधानी रखें।



**वृश्चिक:** जॉब की परिस्थितियाँ आपके अनुकूल नहीं रहेंगी। व्यवसाय में आपको व्यापक बदलाव करना पड़ सकता है। घर में अचानक अतिथियों का आगमन होगा। बड़े भाई-बहनों के साथ व्यवहार में कड़वाहट हो सकती है। धर्म के प्रति अनास्था का भाव न रखें। आपके आदर्शों और व्यवहार की प्रशंसा होगी।



**धनु:** आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पूर्व में लिये निर्णयों के कारण आपको आज लाभ हो सकता है। बाहरी लोगों के ऊपर अपना समय बर्बाद न करें। बड़े अधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। धार्मिक आयोजन में जाने का अवसर मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में बहसबाजी होने की सम्भावना है।



**मकर:** वैवाहिक सम्बन्धों में मधुरता रहेगी। घर पर परिजनों के साथ शान्तिपूर्वक समय बिताना पसन्द करेंगे। घर में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। नये लोगों के साथ आपके सम्बन्ध विकसित हो सकते हैं।



**कुंभ:** सन्तान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। व्यस्तता के बावजूद परिवार के लिये समय निकालेंगे। अपना मनोबल और आत्मविश्वास बनाये रखें। आपके आत्मविश्वास का स्तर बढ़ेगा। दोपहर के बाद आपको शुभ समाचार मिलेंगे। जिम्मेदार व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा।



**मीन:** बच्चों के साथ समय बितायेंगे। प्रेम सम्बन्धों में नजदीकियाँ बढ़ेंगी। कार्यक्षेत्र में आपको भावुकता में आकर निर्णय नहीं लेना चाहिये। शाम के समय डिनर के लिये बाहर जा सकते हैं। इलाज में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिये। समय का बेहतरीन सदुपयोग कर पायेंगे। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

# जीवन की कई परेशानियों को दूर करता है सफेद मूंगा



**जीवन में परेशानियों से छुटकारा पाने और कुंडली में अशुभ ग्रहों के प्रभाव को कम करने के लिए रत्न धारण करने की सलाह दी जाती है। रत्न शास्त्र में ऐसे कई रत्नों के बारे में विस्तार से बताया गया है, जिन्हें धारण करने से व्यक्ति की न सिर्फ परेशानियां कम होती हैं बल्कि किस्मत भी चमक सकती है। इन्हीं रत्नों में से एक है सफेद मूंगा। ज्योतिष शास्त्र में भी सफेद मूंगा को एक महत्वपूर्ण रत्न माना गया है। कहा जाता है कि सफेद मूंगा ग्रहों के अशुभ प्रभाव को तो कम करता ही है साथ में इसे पहनने से कई तरह के रोगों और पुरानी से पुरानी बीमारियों से भी छुटकारा मिलता है।**

### सफेद मूंगा पहनने के फायदे

यदि पति-पत्नी के रिश्ते में कड़वाहट आ गयी हो या हमेशा मनमुटाव की स्थिति बनी रहती है, तो सफेद मूंगा धारण करना चाहिए। ज्योतिष के अनुसार, इससे उनके रिश्तों में प्यार बढ़ेगा और आपसी संबंध में भी मजबूती आएगी।

सफेद मूंगा मानसिक स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक माना जाता है। ऐसे में जो लोग किसी मानसिक अशांति से गुजर रहे हों, उन्हें सफेद मूंगा यानी व्हाइट कोरल स्टोन जरूर धारण करना चाहिए।

सफेद मूंगा व्यक्ति का मानसिक विकास करने के साथ-साथ सिर-दर्द, ब्रेन ट्यूमर और साइनस जैसी बीमारियों से भी छुटकारा दिलाने में सहायक होता है।

ज्योतिष के अनुसार, एलर्जी, खांसी, सूजन और चिकन पॉक्स के इलाज के लिए भी सफेद मूंगा धारण किया जाता है।

### किसे पहनना चाहिए सफेद मूंगा ?

मूंगा रत्न का संबंध मंगल से होता है। ऐसे में जिन लोगों की कुंडली में मंगल ग्रह कमजोर स्थिति में बैठा है या अच्छे फल नहीं दे पा रहा है, तो उन्हें सफेद मूंगा रत्न पहनना चाहिए। ज्योतिष शास्त्र में मेष राशि और वृश्चिक राशि के लोगों को सफेद मूंगा पहनने की सलाह दी जाती है।

### सफेद मूंगा धारण करने की विधि

ज्योतिष के अनुसार, मंगलवार को सुबह उठकर स्नान करके मूंगा रत्न हो एक बर्तन में गंगाजल डालकर डुबो दें। इसके बाद 108 बार ह्यऊं अं अंगारकाय नमःह्ल मंत्र का जाप करते हुए धारण कर लें।

### सफेद मूंगा किस धातु में पहनें ?

सफेद मूंगा को चांदी की धातु में पहनना सबसे अच्छा रहता है, लेकिन आप इसे सोने और पंचधातु में भी पहन सकते हैं।

# सबसे दुर्लभ प्रतिमाओं में से एक है दंतेवाड़ा के गणेश, तीन हजार फीट की ऊंचाई पर है स्थापित



छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में दो मंदिर प्रसिद्ध हैं, एक मां दंतेश्वरी काली मंदिर और दूसरा ढोलकल गणपति का मंदिर। दंतेवाड़ा से करीब 13 किमी दूर ढोलकल की पहाड़ियों पर लगभग 3000 फीट की ऊंचाई पर सैकड़ों साल पुरानी यह भव्य गणेश प्रतिमा आज भी लोगों के लिए आश्चर्य का विषय बनी हुई है। ये दुनिया में भगवान गणपति की सबसे दुर्लभ प्रतिमाओं में से एक मानी जाती है। इन्हें दंतेवाड़ा का रक्षक भी कहा जाता है। ये प्रतिमा लगभग एक हजार साल पुरानी है, जो नागवंशी राजाओं के काल में बनाई गई थी। सदियों पहले इतने दुर्गम इलाके में इतनी ऊंचाई पर स्थापित की गई यह गणेश प्रतिमा आश्चर्य के कम नहीं है। यहां पर पहुंचना आज भी बहुत जोखिम भरा काम है। पुरातत्वविदों का अनुमान यह है 10वीं-11वीं शताब्दी में दंतेवाड़ा क्षेत्र के रक्षक के रूप नागवंशियों ने गणेश जी की यह मूर्ति यहां पर स्थापना की थी।

### भव्य है गणेश प्रतिमा

पहाड़ी पर स्थापित गणेश प्रतिमा लगभग 3-4 फीट ऊंची ग्रेनाइट पत्थर से बनी हुई है। यह प्रतिमा वास्तुकला की दृष्टि से बहुत ही कलात्मक है। गणपति की इस प्रतिमा में ऊपरी दाएं हाथ में फरसा, ऊपरी बाएं हाथ में टूटा हुआ एक दंत, नीचे दाएं हाथ में अभय मुद्रा में अक्षमाला धारण किए हुए तथा नीचे बाएं हाथ में मोदक धारण किए हुए हैं। पुरातत्वविदों के मुताबिक इस प्रकार की प्रतिमा बस्तर क्षेत्र में कहीं नहीं मिलती है।

### यहां गिरा था गणपति का युद्ध में टूटा हुआ दांत

दंतेश का क्षेत्र (वाड़ा) को दंतेवाड़ा कहा जाता है। इस क्षेत्र में एक कैलाश गुफा भी है। इस क्षेत्र से जुड़ी एक मान्यता है कि यह वही कैलाश क्षेत्र है, जहां पर श्रीगणेश एवं परशुराम के बीच युद्ध हुआ था। इस युद्ध में गणपति का एक दांत टूटकर यहां गिरा था। तभी गणपति का एकदंत नाम भी पड़ा। यहां पर दंतेवाड़ा से ढोलकल पहुंचने के मार्ग में एक ग्राम परसपाल मिलता है, जो परशुराम के नाम से जाना जाता है। इसके आगे ग्राम कोतवाल पारा आता है। कोतवाल का अर्थ होता है रक्षक। मान्यताओं के अनुसार, इतनी ऊंची पहाड़ी पर भगवान गणेश की स्थापित नागवंशी शासकों ने की थी।

**आवश्यक सूचना**

दैनिक सिटी दर्पण में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों के संबंध में हमारा कोई दायित्व नहीं हैं। हमारा समाचार पत्र उनके दावों को सत्यापित नहीं करता। हमारी पाठकों को सलाह है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।

# दुर्ग की ज्ञानेश्वरी ने भारत्तोलन जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मेडल

## सिल्वर मेडल जीतकर किया प्रदेश और देश का नाम रोशन

**कुलपति डॉ. पल्टा ने विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से ज्ञानेश्वरी यादव को सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया**



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की ज्ञानेश्वरी यादव ने भारत्तोलन में जुनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता है। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के खेल संचालक, डॉ. दिनेश नामदेव ने बताया कि शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी ज्ञानेश्वरी यादव ने 2022 में ग्रीस जर्मन में आयोजित जूनियर वर्ल्ड भारोत्तोलन चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल हासिल कर अपने महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है।

कुमारी ज्ञानेश्वरी यादव ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा से भेंट कर अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं में जीते गये विभिन्न सिल्वर तथा गोल्ड मेडल को प्रदर्शित किया। कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा तथा कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप ने ज्ञानेश्वरी यादव की सफलता का बधाई देते हुए कहा कि यह अन्य खिलाड़ी छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा का काम करेगा। कुलपति, डॉ. पल्टा ने विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से ज्ञानेश्वरी यादव को सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल, एनएसएस समन्वयक, डॉ. आर.पी.अग्रवाल, डीसीडीसी, डॉ. प्रीतालाल, सहायक कुलसचिव, डॉ. सुमीत अग्रवाल, हिमांषु शेखर मंडावी दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव के क्रीडा अधिकारी अरूण चैधरी, कोच, अजय लोहार तथा छत्तीसगढ़ वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष, अजय श्रीवास्तव उपस्थित थें।

उल्लेखनीय है कि छात्रा कुमारी ज्ञानेश्वरी यादव ने 2018 से लेकर 2022 तक विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्पधाओं में लगातार मेडल जीते हैं। 2022 में उन्होंने जुनियर नेशनल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल, खेलो इंडिया विश्वविद्यालय गेम्स में गोल्ड मेडल तथा सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल हासिल किया है।इससे पूर्व भी 2020 में खेलो इंडिया गेम्स तथा ऑल इंडिया विश्वविद्यालय गेम्स में सिल्वर मेडल ज्ञानेश्वरी को प्राप्त हो चुका हैं।

# रोहित की अगुआई में टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज पहुंचे टीम इंडिया के बाकी सदस्य

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की अगुआई में टीम इंडिया के बाकी सदस्य वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए त्रिनिदाद पहुंच चुके हैं।टीम वनडे सीरीज के बाद 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी जिसकी शुरूआत 29 जुलाई से होगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया के बाकी सदस्य रोहित की अगुआई में वेस्टइंडीज पहुंच चुके हैं।टीम इंडिया फिलहाल 3 मैचों की वनडे सीरीज खेल रही है जिसमें टीम ने 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच 27 जुलाई को खेला जाएगा जिसके बाद 5 मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। टी20 सीरीज में रोहित शर्मा, रिषभ पंत, हार्दिक पांड्या, दिनेश कार्तिक, कुलदीप यादव, हर्षल पटेल और भुवनेश्वर कुमार जैसे खिलाड़ियों की वापसी होगी। बीसीसीआइ ने एक वीडियो जारी कर इस बात को साझा किया है कि टीम इंडिया के बाकी सदस्य टी20 सीरीज के लिए त्रिनिदाद पहुंच चुके हैं। इस वीडियो में कप्तान रोहित



शर्मा, दिनेश कार्तिक, रिषभ पंत, भुवनेश्वर कुमार, रवि चंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव नजर आ रहे हैं। फिलहाल टीम इंडिया शिखर धवन की कप्तानी में कई सीनियर खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में वनडे सीरीज खेल रही है।इस टीम में रोहित शर्मा, विराट कोहली, दिनेश कार्तिक, रिषभ पंत और भुवनेश्वर कुमार जैसे खिलाड़ी मौजूद नहीं हैं। हालांकि विराट को वेस्टइंडीज दौरे के लिए आराम दिया गया है। लेकिन बाकी सदस्य रोहित की अगुआई में टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज पहुंच चुके हैं। 5 मैचों की टी20 सीरीज का आगाजा 29 जुलाई से हो रहा है।इससे पहले टीम 27 जुलाई को धवन की कप्तानी में अपना तीसरा और आखिरी वनडे मैच 27 जुलाई को खेलेगी।

**टीम इंडिया टी20 स्क्वाड:** रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन, केएल राहुल( सबजेक्स टू फिटनेस), सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, दिनेश कार्तिक, रिषभ पंत, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, आर अश्विन, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव*, भुवनेश्वर कुमार, अवेश खान, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह।

# मिताली राज ने दिया संकेत, संन्यास लेने के बाद भी टूनार्मेंट के लिए कर करती हैं वापसी

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम की पूर्व महिला कप्तान मिताली राज एक बार फिर से मैदान पर चौके छक्के जमाती नजर आ सकती हैं। 1999 में अपने क्रिकेट करियर की शुरूआत करने वाली मिताली ने इसी साल संन्यास की घोषणा की है। बीसीसीआई जल्दी ही 5 या 6 टीम की महिला आइपीएल कराने की योजना कर रही है।मिताली ने इस टूनार्मेंट में खेलन के संकेत दिए हैं। मिताली ने कहा, ऱमैंने अब तक कोई फैसला नहीं लिया है। अभी भी महिलाओं के आइपीएल को आयोजन में कुछ महीनों का वक्त बचा है।महिला आईपीएल के पहले एडिशन का हिस्सा होना काफी अच्छा होगा।ऱ मिताली राज ने दो दशक से भी ज्यादा इंटरनेशनल क्रिकेट खेला और दो विश्व कप फाइनल में टीम को बतौर कप्तान पहुंचाने में कामयााब रही। 232 वनडे



मुकाबले में मिताली ने 7805 रन बनाए जिसमें 7 शतकीय पारी शामिल थी। टी20 क्रिकेट से पहले ही संन्यास की घोषणा करने वाली मिलाती ने कुछ महीने पहले ही इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहा है। मुझे लगा था कि संन्यास लेने की वजह से मेरा लाइफ स्टाइल धीमा हो जाएगा क्योंकि मुझे अगले दिन, हफ्ते और सीरीज को लेकर योजना नहीं बनानी होगा। जब मैंने संन्यास लेने की घोषणा की तो उसके बाद कोविड हो गया था और जब इससे रिकवरी की तो अपनी आने वाली फिल्म (शाबाश मिट्ठु) के प्रमोशन में लग गई थी।फिल्म इसी महीने थिएटर में रिलीज हुई। अब तक तो बतौर खिलाड़ी मेरा लाइफ स्टाइल जितना व्यस्त था उसमें फिलहाल किसी तरह का कोई बदलाव नहीं आया है। हो सकता है कि जब ये सारी चीजें धीमी हो जाएं तो इसके बाद मुझे अपने रिटायरमेंट के बाद के जीवन का अंतर समझ आए।

# कुश्ती: बुलगारिया में अपना दम दिखाएंगीं हरियाणा की अंतिम व रीतिका

**विश्व महिला कुश्ती प्रतियोगिता अंडर-20 के लिए दो भार वर्ग की महिला पहलवानों का चयन हुआ है**

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**लखनऊ।** बुल्गारिया में 15 अगस्त से होने वाले विश्व महिला कुश्ती प्रतियोगिता अंडर-20 के लिए दो भार वर्ग की महिला पहलवानों का चयन हुआ।इसमें भी हरियाणा की ही महिला पहलवानों ने बाजी मारी।शेष भारवर्ग का चयन 16 जुलाई को ही हो चुका था।

साईं के कार्यकारी निदेशक संजय सारस्वत ने बताया कि अंतिम और रीतिका पहले सिलेक्शन ट्रायल के दौरान ट्यूनीशिया में आयोजित रैंकिंग सीरीज में भाग लेने के लिए गयी थीं। इस कारण 53 किग्रा और 72 किग्रा भार वर्ग की प्रतियोगित स्थगित कर दी गयी थी। उसे सोमवार को कराया गया, जिसमें 53 किग्रा भार वर्ग में हरियाणा की अंतिम का चयन हुआ। वहीं 72 किग्रा भार वर्ग में हरियाणा की रितिका बुल्गारिया में अपना दम दिखाएंगी। इस तरह से 11 भार वर्गों में सिर्फ दो मध्य प्रदेश की प्रियंका और महाराष्ट्र की भाग्यश्री को छोड़कर शेष नौ महिला पहलवान हरियाणा की हैं। 50 किग्रा भार वर्ग में प्रियंका, 53 किग्रा में अंतिम, 55 किग्रा में मंजु, 57 किग्रा में सीतो, 59 किग्रा में भाग्यश्री, 62 किग्रा में सोनम, 65 किग्रा में प्रियंका, 68 किग्रा में आरजू, 72 किग्रा में रितिका, 76 किग्रा में प्रिया का चयन हुआ है।

# भारतीय महिला विकेट कीपर करुणा जैन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व विकेटकीपर करुणा जैन ने रविवार को खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। करुणा ने कहा, 'काफी खुशनुमा और संतुष्ट अहसास के साथ मैं क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा करती हूं और खेल को वापस कुछ योगदान देने को लेकर उत्सुक हूं।'

बेंगलुरु में जन्मीं 36 साल की करुणा ने पांच टेस्ट मैच में 195 रन बनाए जबकि इस दौरान 40 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। उन्होंने नवंबर 2005 में दिल्ली में इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट पदार्पण किया। उन्होंने अपना अंतिम टेस्ट अगस्त 2014 में इंग्लैंड के विरुद्ध वार्म्सले में खेला था। करुणा ने 44 वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और एक शतक



तथा नौ अर्धशतक की मदद से 987 रन बनाए। इस प्रारूप में 103 रन उनका सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर रहा। उन्होंने 2004 में वेस्टइंडीज के विरुद्ध इस प्रारूप में पदार्पण किया और 50 ओवर का अपना अंतिम वनडे मैच इंग्लैंड के विरुद्ध 2014 में खेला। उन्होंने अपने पदार्पण मैच में 64 रन बनाए थे। करुणा ने नौ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और इस प्रारूप में भी भारत के लिए अंतिम मैच 2014 में ही खेला। उन्होंने अपना टी-20 पदार्पण पाकिस्तान के विरुद्ध किया। करुणा ने अपने टेस्ट करियर में 17 शिकार किए जो अंजू जैन के 23 शिकार के बाद भारत की किसी महिला विकेटकीपर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।उन्होंने वनडे अंतरराष्ट्रीय और टी-20 प्रारूप में क्रमशः 58 और 12 शिकार किए। करुणा ने अपने सभी कोच और टीम के साथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'मैं इस मौके पर उन सभी को धन्यवाद देना चाहती हूं जो शुरूआत से ही मेरे क्रिकेट सफर का हिस्सा रहे जिसमें मेरे कोच, सहयोगी स्टाफ और टीम के मेरे साथी शामिल हैं।इनमें से प्रत्येक ने मुझे खेल और जीवन के बारे में कुछ अलग सिखाया और मैं वह खिलाड़ी तथा इंसान बनी जो आज हूं।'

# आरबीआई ने दृष्टिबाधित लोगों के लिए नोटों में कई स्पर्श कर सकने वाली विशेषताओं को शामिल किया

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**मुंबई।** आरबीआइ ने सोमवार को बांबे हाई कोर्ट को बताया कि उसने दृष्टिबाधित लोगों की सुविधा के लिए करेंसी नोटों में कई स्पर्श कर सकने वाली विशेषताओं को शामिल किया है। केंद्रीय बैंक ने यह जवाब नेशनल एसोसिएशन आफ द ब्लाइंड (एनएबी) की उस याचिका के बाद दिया है, जिसमें दावा किया गया था कि दृष्टिबाधित लोगों को नए नोट और सिक्के पहचानने में कठिनाई होती है। समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक, मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एमएस कार्णिक की पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता के वकील उदय वरुंजीकर ने कहा कि पहले के नोट और सिक्के अलग-अलग आकार के होते थे, इसलिए आसानी से पहचान में आ जाते थे। वरुंजीकर ने यह भी कहा कि आरबीआइ ने इस संदर्भ में दायर की गई याचिका के बाद एक मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया, जिसका इस्तेमाल दृष्टिबाधित लोग कर सकते हैं। उधर, आरबीआइ की ओर से पेश वरिष्ठ वकील वेंकटेश धोंड ने अदालत को बताया कि एप्लिकेशन को विकसित करने के अलावा आरबीआइ ने दृष्टिबाधित लोगों के लिए काम करने वाले कई संघों से भी परामर्श किया था। बैंक ने करेंसी नोटों में कई स्पर्श करने वाली विशेषताएं भी डाली हैं, जिसमें पहचान चिह्न और उभरी हुई रेखाएं शामिल हैं।

# पीएम मोदी 29 जुलाई को भारत के पहले अंतर्राष्ट्रीय बुलियन एक्सचेंज आईआईबीएक्स का करेंगे शुभारंभ

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री गिफ्ट-आईएफएससी में भारत के पहले अंतर्राष्ट्रीय बुलियन एक्सचेंज इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज का शुभारंभ करेंगे। क्क्र भारत में सोने के वित्तीयकरण को बढ़ावा देने के अलावा जिम्मेदार सोर्सिंग और गुणवत्ता के आश्वासन के साथ कुशल मूल्य खोज की सुविधा प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 जुलाई, 2022 को गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी), भारत के पहले अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सूचित किया कि प्रधानमंत्री, अपनी यात्रा के दौरान,



अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के मुख्यालय भवन की आधारशिला रखेंगे, जो अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवाओं में वित्तीय उत्पादों, वित्तीय सेवाओं और वित्तीय संस्थानों के विकास और विनियमन के लिए एकीकृत नियामक है। आईएफएससीए के मुख्यालय भवन को एक प्रतिष्ठित संरचना के रूप में परिकल्पित किया गया है, जो एक अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय केंद्र के रूप में गिफ्ट-आईएफएससी की बढ़ती प्रमुखता और कद को दशार्ता है। प्रधानमंत्री गिफ्ट-आईएफएससी में भारत के पहले अंतर्राष्ट्रीय बुलियन एक्सचेंज, इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज का शुभारंभ करेंगे। आईआईबीएक्स भारत में सोने के वित्तीयकरण को बढ़ावा देने के अलावा, जिम्मेदार सोर्सिंग और गुणवत्ता के आश्वासन के साथ कुशल मूल्य खोज की सुविधा प्रदान करेगा। यह भारत को वैश्विक सरार्फा बाजार में अपना सही स्थान हासिल करने और अखंडता और गुणवत्ता के साथ वैश्विक मूल्य श्रृंखला की सेवा करने के लिए सशक्त बनाएगा। यह भारत को एक प्रमुख उपभोक्ता के रूप में वैश्विक सरार्फा कीमतों को प्रभावित करने में सक्षम बनाने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता को भी फिर से लागू करता है। प्रधानमंत्री एनएसई आईएफएससी-एसजीएक्स कनेक्ट का भी शुभारंभ करेंगे। इस कनेक्ट के तहत, सिंगापुर एक्सचेंज लिमिटेड (एसजीएक्स) के सदस्यों द्वारा रखे गए निफ्टी डेरिवेटिव के सभी आर्डर एनएसई-आईएफएससी आर्डर मिलान और ट्रेडिंग प्लेटफार्म पर रूट और मिलान किए जाएंगे। उक्त कनेक्ट गिफ्ट-आईएफएससी में डेरिवेटिव बाजारों में तरलता को गहरा करेगा, और अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों को लाएगा और गिफ्ट-आईएफएससी में वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र पर सकारात्मक प्रभाव पैदा करेगा।

# विश्व बैंक ने भारतीय नागरिक इंदरमिट गिल को दी अहम जिम्मेदारी

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने भारतीय नागरिक इंदरमिट गिल को मुख्य अर्थशास्त्री नियुक्त किया है। कौशिक बसु के बाद, गिल विश्व बैंक में मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में सेवा देने वाले दूसरे भारतीय होंगे। उन्हें विकास अर्थशास्त्र में उनके योगदान के लिए जाना जाता है।विश्व बैंक की सहायक संस्था बहुपक्षीय विकास बैंक में उनकी नियुक्ति 1 सितंबर 2022 से प्रभावी होगी। विश्व बैंक के अध्यक्ष डेविड मलपास ने एक बयान में कहा, ऱइंदरमिट गिल इस भूमिका के लिए योग्य हैं। वह आर्थिक असंतुलन, विकास, गरीबी, और जलवायु परिवर्तन पर विभिन्न देशों की सरकारों के साथ काम करने का व्यावहारिक अनुभव लेकर आए हैं। गिल विश्व बैंक में मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में



सेवा देने वाले केवल दूसरे भारतीय होंगे। कौशिक बसु पहले थे, जिन्होंने 2012-2016 तक विश्व बैंक में अहम जिम्मेदारी संभाली। बता दें कि आरबीआइ के पूर्व गर्वनर रघुराम राजन और गीता गोपीनाथ ने विश्व बैंक की सहयोगी संस्था अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में कार्य किया है। एक ट्विटर पोस्ट में गिल ने कहा कि मैं अपने पूर्ववर्ती कारमेन रेनहार्ट के पदचिन्हों पर चलने का अवसर मिलने से सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

**मांग** | प्रेस नोटों ने अतीत में कुछ ऐप्स को प्रतिबंधित कर दिया था: प्रवीन खंडेलवाल

# कैट ने प्रतिबंधित चीनी ऐप्स के क्लोन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने देश में प्रतिबंधित चल रही चीनी ऐप्स के क्लोन ऐप्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग सरकार से की है।कैट ने केंद्रीय वाणिज्य पीयूष गोयल, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव को भेजे गए एक पत्र में प्रतिबंधित चीनी ऐप्स की क्लोन ऐप्स भारत में पुनः प्रवेश की ओर ध्यान आकर्षित किया है।

कारोबारी संगठन कैट ने जारी बयान में कहा कि ऐसे चाइनीज ऐप्स प्रेस नोट 1635206 दिनांक 29.06.2020 और प्रेस नोट 1650669 02 सितंबर, 2020 श्रृंखला का उल्लंघन है, जो आईटी मंत्रालय द्वारा प्रकाशित किया गया है। ऐसे में इन ऐप्स के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि इन प्रेस नोटों ने अतीत में कुछ ऐप्स को प्रतिबंधित कर दिया था। खंडेलवाल ने कहा कि विश्वसनीय इनपुट के आधार पर इन चाइनीज ऐप्स की जानकारी मांगी गई। इसकी अनुमतियां, एम्बेडेड कार्यक्षमता के साथ-साथ डेटा हार्वेस्टिंग प्रथाएं गंभीर चिंताएं पैदा करती हैं। वे गुप्त तरीके से डेटा एकत्र और साझा करते हैं।इतना ही नहीं वे व्यक्तिगत डेटा और उपयोगकताओं की जानकारी से समझौता भी करते हैं, जो 'देश की सुरक्षा' के लिए एक गंभीर खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इन ऐप्स पर प्रतिबंध लगने के कुछ ही महीनों बाद प्ले स्टोर पर क्लोन ऐप दिखाई देने लगे, जो मूल रूप से प्रतिबंधित ऐप्स के नकाबपोश क्लोन होने के स्पष्ट संकेत दिखाते हैं। इसकी गंभीरता को देखते हुए कैट ने अपने पत्र में तीनों मंत्रियों को संबंधित सबूत सौंपे हैं। खंडेलवाल ने कहा कि इन ऐप्स का तरीका समान दिखने वाले नामों और आइकन वाले ऐप्स को फिर से लॉन्च करना है।ऐप-स्टोर पर ऐप लॉन्च करना अपेक्षाकृत आसान है, केवल एक डेवलपर खाता बनाने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि कोई भी अलग-अलग नामों के साथ जितने चाहें उतने डेवलपर खाते बना सकता है। प्रतिबंध के पीछे का इरादा चिंताओं और शिकायतों को दूर करना था। लेकिन, जिन एप्स के खिलाफ कैट ने कारवाई की मांग की है। वो ऐप्स चोरी कर रहे थे और उपयोगकताओं के डेटा को अनधिकृत तरीके से उन सर्वरों तक पहुंचा रहे थे, जिनके स्थान भारत से बाहर हैं। कैट महामंत्री ने कहा कि इन आंकड़ों का संकलन, इसका खनन और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा के लिए शत्रुतापूर्ण तत्वों द्वारा प्रोफाइलिंग, जो अंततः भारत की संप्रभुता और अखंडता को प्रभावित करता है। यह बहुत गहरी चिंता का विषय है, जिसके लिए आपातकालीन उपायों की जरूरत होती है। कारोबारी नेता ने कहा कि यह कार्यप्रणाली इन विशिष्ट ऐप्स पर भारत सरकार के लगाए गए प्रतिबंध के इरादे और सुरक्षा उपायों को पूरी तरह से बाधित करती है।

# सरकार का संकेत, अनुमान से कम रहेगी देश की आर्थिक विकास दर

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संकेत दे दिया है कि चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक विकास दर अनुमान से कम रहेगी। इसकी वजह यह है कि कच्चे तेल के जिस अनुमान पर वित्त मंत्रालय की तरफ से विकास दर का अनुमान लगाया गया है, असलियत में कीमत उससे काफी ज्यादा है।हालांकि वित्त मंत्री की तरफ से यह भी स्पष्ट किया गया है कि चालू वित्त वर्ष 2022-23 के बजट निर्धारण में कच्चे तेल की कीमत का कोई स्तर तय नहीं किया गया है। आर्थिक सर्वेक्षण में इस वर्ष के लिए कच्चे तेल की कीमत के 75 डालर प्रति बैरल रहने की बात जरूर कही गई है लेकिन यह बजट के हिसाब किताब को तय करने के लिए सीमा नहीं है। लोकसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने



यह जानकारी दी है। यह वित्त मंत्रालय की अभी तक की परंपरा से अलग है।बहरहाल, वित्त मंत्री ने कहा है कि वर्ष 2021-22 के आर्थिक सर्वे में कहा गया है कि अगर वर्ष 2022-23 के दौरान कच्चे तेल की कीमत 70-75 डालर प्रति बैरल रहती है तो देश की आर्थिक विकास दर 8-8.5 प्रतिशत रह सकती है। जबकि अगर केंद्र सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय के आंकड़ों को देखें तो अप्रैल, 2022 में भारत ने अंतरराष्ट्रीय बाजार से औसतन 102.97 डालर प्रति बैरल की दर से, मई, 2022 में 109.51 डालर प्रति बैरल, जून में 116.01 डालर प्रति बैरल और जुलाई माह में 105.46 डालर प्रति बैरल की दर से कच्चे तेल की खरीद की है। अप्रैल में मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए आरबीआइ ने 7.2 प्रतिशत विकास दर का अनुमान लगाया था।

## वल्ला हबीबी...किन्नी सोहणी ऐ...



# 45 साल के मीका सिंह को मिल गई उनकी दुल्हनिया

**सिंगर मीका** सिंह को आखिरकार सोवमार को उनकी दुल्हनिया मिल ही गई। स्वयंवर के शुरूआत में देशभर से कई लड़कियां आई थीं लेकिन अंत तक सिर्फ तीन ही पहुंच पाईं। जिनमें से एक बीती रात मीका की दुल्हनिया बनी। बॉलीवुड के जाने माने सिंगर मीका सिंह महीनों से अपने लिए दुल्हन की खोज कर रहे थे और आखिरकार बीती रात उन्हें अपनी हमसफर मिल ही गई। 19 जून को शुरू हुए मीका के स्वयंवर- मीका दी वोहटी में देशभर से कई खूबसूरत लड़कियों ने भाग लिया। जिनके साथ मीका ने शो पर कई दिन गुजारे और उन्हें जानने की कोशिश की। शो के अंत तक नीत महल, प्रांतिका दास और अकांक्षा पुरी पहुंची, लेकिन मीका का दिल तो पहले से ही किसी पर अटक गया था और अंत में उन्होंने उसे ही अपनी दुल्हनिया बनाया। मीका के स्वयंवर के आखिरी दिन टीवी के कई स्टार ने भी एंटरटेनमेंट का तड़का लगाया। टीवी के लगभग सभी सीरियल्स के जोड़ियो ने स्वयंवर में शिरकत की और एक से बढ़कर एक डांस परफॉरमेंस देकर समा बांध दिया। स्वयंवर में कॉमेडी क्वीन भारती सिंह भी पहुंची। उन्होंने अपनी और हर्ष की लव स्टोरी शेयर की। इन सबके बाद आई दुल्हन चुनने की बारी। होस्ट शान ने पहले मीका को स्टेज पर बुलाया। ब्लैक शेरवानी पहने दुल्हे राजा मीका जच रहे थे। इसके बाद ब्राइड्स की एंट्री हुई। सबसे पहले पंजाबी कुड़ी नीत आई और अपनी खूबसूरती से सबको चौंका दिया, इसके बाद बंगाली बाला प्रांतिका ने भी अपनी बंगाली ब्यूटी से सबको इंप्रेस किया। अंत में अकांक्षा पुरी की एंट्री हुई, पिंक लहंगा पहने अकांक्षा कमाल की लग रही थीं।

**सोने के कंगन और वरमाला पहना बना लिया अपना**



# रब्ब ने नहीं टीवी ने बनाई इन कपल्स की जोड़ी, साथ काम करते-करते एक-दूजे से हुई मोहब्बत





**टेलीविजन एक्टर्स** घंटो-घंटो एक-दूसरे के साथ सेट पर शूटिंग करते हैं। ऐसे में ये एक्टर्स एक-दूसरे के स्वभाव से भी वाकिफ होते हैं। टीवी इंडस्ट्री में तो कई ऐसे कपल्स हैं. जिनके प्यार की कहानी शूटिंग सेट से ही शुरू हुई। टेलीविजन में सितारे एक-दूसरे के साथ सालों-सालों काम करते हैं। लगभग पूरे महीने ही सितारे 8 से 10 घंटे सेट पर गुजारते हैं, यही वजह है कि ये एक्टर्स और एक्ट्रेसेस एक-दूसरे को काफी अच्छे से जानते और समझते हैं। लेकिन कई कपल्स ऐसे हैं, जो सेट पर एक-दूसरे को समझते हुए ही एक-दूजे से प्यार कर बैठते हैं। इनमें से कई एक्टर्स के प्यार को मंजिल मिलती है तो किसी का अफेयर शूटिंग के साथ ही खत्म हो जाता है। आज हम अपने इस आर्टिकल में आपको उन एक्टर्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी मुलाकात शूटिंग सेट पर हुई और उन्होंने न सिर्फ अपने प्यार का इजहार किया, बल्कि एक-दूजे का जिंदगी भर हाथ भी थामा। तो चलिए देखते हैं लिस्ट। दिव्यांका त्रिपाठी को उनका असली हमसफर सीरियल के सेट पर ही मिला था। दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया की पहली मुलाकात एकता कपूर के डेली सोप 'ये है मोहब्बतें' के सेट पर हुई थी। शो में भले ही करण पटेल ने दिव्यांका का लव इंटरेस्ट निभाया हो, लेकिन असल जिंदगी की कहानी तो उनकी विवेक दहिया के साथ ही लिखी गई। शरद मल्होत्रा से अलग होने के काफी समय बाद विवेक दहिया दिव्यांका की जिंदगी में प्यार बनकर आए। कुछ समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने साल 8 जुलाई 2016 को शादी कर ली थी। दोनों की शादी को लगभग 6 साल हो चुके हैं और दोनों ही अपनी लाइफ में बेहद खुश हैं।

**नील भट्ट - ऐश्वर्या शर्मा:** नील भट्ट और ऐश्वर्या शर्मा की मुलाकात भी टीवी शो के सेट पर हुई थी। ये दोनों 'गुम हैं किसी के प्यार में' सीरियल में नजर आ रहे हैं। दोनों को साथ में काम करते-करते एक-दूसरे से प्यार हुआ और बीते साल 2021 में एक-दूसरे संग सात फेरे लिए। दोनों की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं। इनकी रिसेप्शन पार्टी में रेखा खास मेहमान बनकर पहुंची थीं। दोनों अब भी शो का हिस्सा हैं।

**गुरमीत चौधरी-देबिना बनर्जी :** गुरमीत चौधरी और देबिना बनर्जी ने शो 'रामायण' में साथ में काम किया। पौराणिक शो में दोनों ने राम और सीता का किरदार निभाया था। एक तरफ जहां दोनों को ऑन-स्क्रीन राम और सीता की जोड़ी में फैंस ने खूब पसंद किया, तो वही दोनों के बीच भी इसी शो के दौरान प्यार की शुरूआत हुई। दोनों ने कुछ समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद साल 2011 में शादी कर ली और अब दोनों खूबसूरत बेटी के प्राउड पेरेंट हैं।

**महेश शेट्टी-अनीशा कपूर:** सुशांत सिंह राजपूत के करीबी दोस्त और पवित्र रिश्ता एक्टर महेश शेट्टी ने भी अपनी को-स्टार और एक्ट्रेस अनीशा कपूर से शादी की थी। हालांकि दोनों ने एक-दूसरे के साथ स्क्रीन स्पेस तो शेयर नहीं किया, लेकिन दोनों ने एक ही शो 'घर एक सपना' में काम किया था। इसके बाद दोनों ने साथ काम तो नहीं किया, लेकिन इनके प्यार की कहानी आगे बढ़ चुकी थी और दोनों ने 20 नवंबर 2011 को परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में एक-दूसरे से शादी की।

**हितेन तेजवानी-गौरी प्रधान:** एक समय पर हितेन तेजवानी और गौरी प्रधान टेलीविजन के सबसे रोमांटिक और लोकप्रिय कपल्स में से एक थे। हितेन और गौरी ने साथ में सीरियल 'कुटुम्भ' में काम किया था। इसके बाद एकता कपूर ने दोनों को 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में कास्ट किया। इस शो से ही दोनों के प्यार की शुरूआत हुई। हालांकि जहां हितेन थोड़े फ्रेंडली स्वभाव के हैं तो वही दूसरी तरफ गौरी काफी रिजर्व नेचर की हैं। लेकिन कहते हैं न जब मिलना हो तो इन्सान मिल ही जाता है। इन दोनों ने कुछ समय तक एक-दूसरे को डेट किया और उसके बाद दोनों ने 29 अप्रैल 2014 में शादी कर ली। आज के समय में दोनों अपनी शादी शुदा जिंदगी में काफी खुश हैं।

**राम कपूर- गौतमी गाडगिल:** राम कपूर की लव स्टोरी भी टीवी के परदे से ही शुरू हुई थी। उनकी और गौतमी की पहली मुलाकात सीरियल 'घर एक मंदिर' के सेट पर हुई थी। हालांकि दोनों इस शो के खत्म होने के बाद एक-दूसरे से अलग हो गए, लेकिन फैंस ने दोनों के बीच पक रही खिचड़ी को पकड़ लिया। जिसके बाद दोनों ने अपने परिवार को मनाया और वेलेंटाइन डे के खास मौके पर साल 2003 में शादी कर ली।

**रवि दुबे-सरगुन मेहता:** रवि दुबे और सरगुन मेहता टीवी इंडस्ट्री के सबसे लवेबल कपल्स में से एक हैं। दोनों ने सीरियल 12/24 करोल बाग में साथ में काम किया था और शो में पति पत्नी का किरदार निभाया था। जब ये दोनों लुक टेस्ट पर मिले तो दोनों को एक-दूसरे का स्वभाव अजीब लगा, लेकिन साथ काम करते-करते दोनों ने एक दूसरे को समझना स्टार्ट किया। दोनों के बीच दोस्ती हुई और जल्द ही ये दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों ने इसके बाद नच बलिये पर अपने प्यार का इजहार किया। इन दोनों की शादी 7 दिसंबर 2013 में हुई थी।

# दिलकश वहीदा रहमान के प्यार में पागल हो गया था सुपरस्टार गुरु दत्त



**घर क्या जिंदगी तक कर ली थी खत्म**

**वहीदा रहमान** बीते दौर की बला की खूबसूरत और भरपूर टैलेंट समेटे एक जानी मानी अभिनेत्री हैं। वहीदा ने अपने करियर में कई बड़े स्टार्स संग काम किया। इनमें अमिताभ बच्चन से लेकर देव आनन्द और कपूर स्टार्स तक कई नाम शामिल हैं। अभिनेत्री वहीदा रहमान 60 के दशक में अपनी अदाएगी और डांस से लोगों के दिलों पर राज करती थीं। खूबसूरत वहीदा की एक झलक पाने के लिए फैंस एक-दूसरे से लड़-भिड़ जाते थे। वहीदा ने अपने करियर में कई बड़े एक्टर्स संग काम किया और कई शानदार फिल्में दीं। अभिनेत्री को उनके बेहतरीन काम के लिए अवॉर्ड्स भी मिले, जिनमें पद्मश्री और पद्मभूषण जैसे राष्ट्रीय सम्मान भी शामिल हैं। फिल्मों के साथ-साथ वहीदा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी हमेशा से ही सुर्खियों में रही हैं। इनमें से एक उनका बॉलीवुड की जानी-मानी हस्ती संग अफेयर भी था। वहीदा रहमान ने अपने करियर की शुरूआत साउथ की फिल्मों से की थी। बॉलीवुड तक उन्हें दिग्गज डायरेक्टर, प्रड्यूसर, एक्टर, कोरियोग्राफर और राइटर गुरु दत्त लेकर आए। गुरु दत्त ने उन्हें एक साउथ फिल्म में देखा था और उनकी खूबसूरती को देख ऐसे दीवाने हुए थे कि उन्होंने वहीदा को बॉलीवुड में लाने का फैसला कर लिया। गुरु दत्त ने ही वहीदा को पहली फिल्म दी और इस तरह से एक्ट्रेस की फिल्म सीआईडी के साथ हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में शुरूआत हुई। सीआईडी के बाद वहीदा रहमान ने गुरु दत्त के साथ फिल्म प्यासा में भी काम किया, जिसने हिंदी फिल्म जगत में क्रांति ला दी। इस फिल्म ने पहले से वहीदे के दीवाने गुरु दत्त को उनके इश्क में पागल कर दिया। उस दौर में दोनों के अफेयर के चर्चें मीडिया के गलियारों में छाए रहते थे, लेकिन पहले से शादीशुदा और बाल-बच्चे वाले गुरु दत्त के लिए वहीदा संग रहना मुश्किल था। खबरों की माने तो धर्म से हिंदु गुरु दत्त, वहीदा से शादी करने के लिए अपना धर्म भी बदलने को तैयार थे, लेकिन गुरु दत्त की जिंदगी में उथल-पुथल उस वक्त मच गई, जब उनके अफेयर की बात उनके घर तक पहुंच गई।

# बॉलीवुड की बहुएं पर्दे पर कर चुकीं हैं अपने ससुर के साथ काम









**बॉलीवुड की** कई एक्ट्रेसेस ऐसी हैं जिन्होंने फिल्मी परिवार में शादी की है। ऐसे में जाहिर है की उन्होंने काम भी किया होगा। वही कई एक्ट्रेस ऐसी भी हैं जो आज कई एक्टर्स की बहू भी हैं और उनके साथ पर्दे काम भी किया। बॉलीवुड फिल्म इंड्रस्ट्री में कब कौन सी एक्ट्रेस किस घर की बहु बन जाये किसी को कुछ पता नहीं होता। ऐसे में कई बार एक्ट्रेसेस की शादी उन स्टार्स के घर में हो जाती है जिनके साथ पर्दे पर काम कर चुकी होती हैं। एक एक्ट्रेस तो ऐसी हैं, जो अपने ही ससुर के साथ पर्दे पर रोमांस कर चुकी हैं। आज हम आपको ऐसी ही एक्ट्रेसेस के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्होंने अपने ही ससुर के साथ फिल्मों में काम किया है। तो चलिए बताते हैं आपको किन एक्ट्रेसेस ने किया है अपने ससुर के साथ काम। ससुर के साथ काम करने वाली एक्ट्रेसेस की लिस्ट में सबसे पहला नाम साउथ की जानी मानी एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु का आता है। सामंथा सुपरस्टार नागार्जुन की बहू रह चुकी हैं। उन्होंने साल 2017 में नागा चैतन्य से शादी की थी। हालांकि कुछ समय पहले ही सामंथा और नागा चैतन्य का तलाक हो गया है। बता दें की सामंथा ने नागार्जुन के साथ हॉरर कॉमेडी फिल्म 'राजू गरी गधी 2' फिल्म में काम किया है।

**आलिया-ऋषि कपूर:** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट, दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर के साथ दो फिल्मों में काम कर चुकी हैं। जिस वक्त आलिया ने ऋषि कपूर के साथ काम किया था तब वो उनकी बहु नहीं थीं। ऋषि के निधन के बाद आलिया कपूर खानदान की बहु बनी हैं। आलिया ने ऋषि कपूर के साथ 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' और 'कपूर एंड संस' में काम किया है।

**नीतू कपूर-शशि कपूर:** अब बात करते हैं आलिया भट्ट की सास यानी नीतू कपूर की। नीतू कपूर ने अपने ससुर शशि कपूर के साथ कई रोमांटिक फिल्मों में काम किया है। दरअसल, शशि कपूर रिश्ते में नीतू कपूर के चाचा ससुर लगते हैं। वहीं दोनों का एक रोमांटिक गाना कह दूं तुम्हें काफी पॉपुलर रहा है। दोनों ने 'एक और एक ग्यारह', 'काला पानी' और 'दीवारी' जैसी हिट फिल्मों में काम किया है।

**ऐश्वर्या राय बच्चन- अमिताभ बच्चन:** अब बात करते हैं बच्चन परिवार की। ऐश्वर्या राय बच्चन भी अपने ससुर के साथ स्क्रीन शेयर कर चुकीं हैं। दोनों ने 'बंटी और बबली', 'क्यों हो गया न', 'मोहब्बतें' में साथ काम किया है। वही 'बंटी और बबली' के गाने 'कजरा रे' में बिग बी और अभिषेक बच्चन ने ऐश्वर्या के साथ जमकर ठुमके भी लगाए हैं। हालांकि ये गाना अभिषेक और ऐश्वर्या की शादी से पहले का है।

# रणवीर सिंह के खिलाफ मुंबई में शिकायत दर्ज

**महिलाओं की भावनाएं आहत करने का आरोप**



**रणवीर सिंह** हाल ही में पेपर मैगजीन के लिए कराए फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की थी इस फोटोशूट की कई तस्वीरों में अभिनेता न्यूड एक कालीन पर पोज देते दिख रहे हैं। अब इन तस्वीरों लेकर अभिनेता कानूनी पेज में फंसते जा रहे हैं। रणवीर सिंह इन दिनों अपने न्यूड फोटोशूट को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। इस फोटोशूट के चलते रणवीर की मुश्किले कम होने का नाम ले रही हैं। रणवीर के इस फोटोशूट का कई सामाजिक संस्थाएं भारी विरोध दर्ज करा रही हैं। अब जानकारी आ रही है कि, रणवीर सिंह पर उनके न्यूड फोटोशूट के लिए कानूनी शिकंजे में फंसते हुए नजर आ रहे हैं। अभिनेता के खिलाफ महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मामले में मुंबई पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई पुलिस को मिली शिकायत में रणवीर सिंह पर महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। एएनआई ने अपने ट्वीट में बताया, अभिनेता रणवीर सिंह के खिलाफ मुंबई के चेंबूर पुलिस स्टेशन में इंस्टाग्राम पर न्यूड फोटोज पोस्ट करने के लिए शिकायत दर्ज की गई है। हालांकि अभी रणवीर सिंह के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई हैं। वहीं, रणवीर सिंह की न्यूड फोटोशूट के तस्वीरें सोशल मीडिया पर आने के बाद से ही लगातार वायरल हो रही है। अभिनेता को अपने इस फोटोशूट के लिए कई सेलेब्स का समर्थम मिल रहा है तो कई सेलेब्स उनकी जोरदार भस्तना कर रहे हैं। साथ ही टीएमसी सांसद और बंगाली अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती ने उनसे कई तीखे सवाल किए थे। वहीं, आलिया भट्ट से 'डार्लिंग' का ट्रेलर लॉन्च के मौके पर पर जब रणवीर सिंह के न्यूड फोटोशूट पर जब उनसे पूछा गया था। तो एक्ट्रेस ने कहा, 'मैं अपने पसंदीदा रणवीर सिंह के लिए कुछ भी नेगेटिव कुछ नहीं कह सकती, इसलिए मैं इस सवाल को भी बर्दाश्त नहीं कर सकती हूं। मैं उनसे बहुत प्यार करती हूं और वो हर किसी के फेवरेट अभिनेता हैं।

# आशीष वर्मा का भोले तेरी लीला गीत रिलीज




**अपने अभिनय** और सुरों के दम पर संगीत प्रेमियो के दिलों पर राज करने वाले आशीष वर्मा का गीतभोले तेरी लीला नटराज एंटरटेनमेंट के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। गाने को अपने खास अंदाज में आशीष वर्मा ने गाया है, जिसके वीडियो में बतौर एक्टर आशीष वर्मा ने एक लाचार दर दर की ठोकर खाने वाले सिंगर की भूमिका में नजर आ रहे हैं। भोले तेरी लीला सांग एक स्टोरी बेस्ड है, जिसमें आशीष वर्मा को हर जगह से दुत्कार कर भगाया जाता है और वे एक योगी बाबा की शरण मे जाते हैं। उनका हर पग पर भोलेनाथ अलग-अलग वेष में आकर रक्षा करते हैं। इस गाने में उनकी छोटी सी लव स्टोरी भी दिखाई गई है। उनकी प्रेमिका का रोल एक्ट्रेस वर्षा सिंह ने अदा किया है। गाने में यह भी दिखाया गया है कैसे शिव जी की उपासक लड़की वर्षा सिंह भोले बाबा की कृपा से आशीष वर्मा से प्रेम करने लगती है और रॉक स्टार सिंगर बनने में मदद करती है। आशीष वर्मा ने इस गाने में सजीव अभिनय किया है। गाने के पिक्चराइजेशन अलग अलग रिच लोकेशंस पर पर किया गया है, जो गाने को और भी जानदार बना रहा है। नटराज एंटरटेनमेंट प्रस्तुत शिव महिमा का बखान वाला यह गाना भोले तेरी लीला बहुत ही बेहतरीन बनाया गया है। निमार्ता मनोज वर्मा हैं। सिंगर आशीष वर्मा हैं। प्रमुख कलाकार आशीष वर्मा और वर्षा सिंह हैं। गाने को लिखा है गीतकार आलोक नंदनी ने, जिसे मधुर संगीत से सजाया है खुद आशीष वर्मा ने। अरेंजर बादल खान हैं। रिकॉर्डिंग व मिक्स सुभाष मजनू ने किया है। निदेशक सोनू वर्मा हैं। विशेष आभार नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का है। गौरतलब है कि आशीष वर्मा ने अपना करियर बतौर सिंगर शुरू किया था, आगे चलकर उन्होंने म्यूजिक की बारीकियों को समझकर बतौर म्यूजिक डायरेक्टर कई हिट गाने दिये हैं।